CIN-NO-UT4999RJ2020PTC0679.
UN NO-200022186

Title Code-RAJHIN27921

# मरूधर विशेष

वर्षः 1 अंकः 48 | हिन्दी | प्रातः कालीन | जयपुर, सोमवार, 26 सितम्बर, 2022 | पृष्ठ :4 | मूल्यः 2 रुपए

## एक्सप्रेस न्यूज

### पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा अस्पताल में भर्ती

**बेंगलुरु, (एजेंसी)**। पूर्व विदेश मंत्री और कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एसएम कृष्णा की तबीयत खराब हो गई है और उन्हें शहर के मणिपाल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल के मुताबिक शनिवार देर रात लाये गये भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णा को सांस का तेज संक्रमण है, जिससे उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही है। श्री कृष्णा को डॉ सत्यनारायण मैसूर और सुनील कारंत की देखरेख में रखा गया है। वह न्यूनतम श्वसन समर्थन पर है। इसके अलावा कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डा. के सुधाकर भी श्री कृष्णा के स्वास्थ्य की निगरानी कर रहे हैं।

### कांग्रेस नेता आर्यदान मोहम्मद का निधन

**मलप्पुरम, (एजेंसी)**।कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और केरल के पूर्व मंत्री आर्यदान मोहम्मद का लंबी बीमारी के बाद रविवार को यहां एक अस्पताल में निधन हो गया। वह 87 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी पीवी मरियम्मा, दो बेटे, डॉ रियाज अली और शौकत तथा दो बेटियां अंसार बेगम एवं कादीजा हैं। श्री आर्यदान मोहम्मद ने 1952 में राजनीति में प्रवेश किया। उन्होंने केरल प्रदेश कांग्रेस के सदस्य और महासचिव, कालीकट जिला कांग्रेस के सचिव और मलप्पुरम जिला कांग्रेस के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। वह भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के सक्रिय सदस्य थे।

### तेलंगाना में होगा दो करोड़ बालिकाओं का सम्मान

**हैदराबाद, (एजेंसी)**। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य महोत्सव 'बथुकम्मा' रविवार से शुभारंभ होने के अवसर पर राज्य के लोगों को बधाई देते हुए एलान किया कि इस बार 'बथुकम्मा उपहार' के रूप में साड़ियां देकर करोड़ों बालिकाओं का सम्मान करेंगे। केसीआर के नाम से लोकप्रिय मुख्यमंत्री ने कहा कि गाँवों में एक विशेष उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। बच्चियाँ बथुकम्मा को फूलों से ढँक देती हैं, खेलती हैं और गाती हैं और बथुकम्मा समारोह में भाग लेती हैं। उन्होंने कहा कि नौ दिवसीय महोत्सव के दौरान प्रकृति का उत्सव मनाते हुए प्रदेश भर में विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

### ललितपुर में ट्रैक्टर-कंटेनर की टक्कर, चार मरे

**ललितपुर, (एजेंसी)**।जिले में रविवार को कोतवाली तालबेहट क्षेत्र में राजमार्ग पर एक कंटेनर ट्रक और ट्रैक्टर की आमने सामने से हुई जोरदार टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि नौ अन्य घायल हो गए। तालबेहट में ग्राम बम्होरीसर के 16 मजदूर ट्रैक्टर पर सवार होकर उड़द की फसल काटने के लिए जा रहे थे। इस दौरान एनएच-44 पर झांसी की ओर से आ रहे तेज रफ्तार कन्टेनर ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। जिससे ट्रैक्टर में सवार 14 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये, जिन्हें पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। चिकित्सकों ने ग्राम बम्होरीसर निवासी भारती (22 वर्ष) पत्नी जमुना, किरण (36 वर्ष) पत्नी तुलाराम, पन्ना लाल (42 वर्ष) पुत्र हीरालाल और ग्राम म्याय निवासी टैक्टर चालक निरपत (60 वर्ष) पुत्र घासीराम को मृत घोषित कर दिया।

### बंगलादेश में नौका हादसे में 24 लोगों की मौत

**ढाका, (एजेंसी)**।बांग्लादेश में उत्तरी बंगाल के पंचगढ़ में रविवार को करातोआ नदी में एक नौका के डूब जाने से कम से कम 24 लोगों की मौत हो गयी। बोडा उपजिला के कार्यकारी अधिकारी (यूएनओ) मोहम्मद सुलेमान अली ने बताया कि हादसा औलिया घाट क्षेत्र में आज दोपहर करीब 1.30 बजे हुई। शारदीय दुर्गोत्सव महालय के अवसर पर मदिया बाजार क्षेत्र के औलिया घाट से लगभग 70-80 लोग नौका पर सवार होकर बादेश्वरी मंदिर की ओर जा रहे थे। घाट से कुछ दूर चलने के बाद नाव हिलने लगी। नाविक ने नाव को वापस घाट पर लाने की कोशिश की लेकिन वह असफल रहे और नाव डूब गयी। हादसे में 24 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में आठ बच्चे, चार पुरुष और 12 महिलाएं हैं।

### आज का इतिहास

- 1087: विलियम द्वितीय इंग्लैंड के सम्राट बने।
- 1777: अमेरिकी क्रांतिः ब्रिटिश सैनिकों का फिलाडेल्फिया पर कब्जा।
- 1820: प्रसिद्ध भारतीय समाज सुधारक ईश्वरचंद विद्यासागर का जन्म।
- 1872: न्यूयॉर्क सिटी में पहला मंदिर बना।
- 1888: नोबेल पुरस्कार विजेता लेखक टी.एस. इलियट का जन्म।
- 1923: हिंदी फिल्म अभिनेता देवानंद का जन्म।
- 1932: पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का जन्म।
- 1950: यूएन सैनिकों ने उ. कोरिया के सैनिकों से सोल को कब्जे में लिया।
- 1950: इंडोनेशिया ने संयुक्त राष्ट्र की सदस्यता ग्रहण की।

1959 - जापान के शक्तिशाली तूफान 'वेरा' से 4580 लोगों की मौत और 16 लाख लोग बेघर हुए।

# हिजाब विरोध का सिंबल हदीस नफाजी को गोली मारी

**तेहरान ■ एजेंसी**



ईरान में हिजाब के खिलाफ विरोध का ऑनलाइन सिंबल बनी 20 साल की लड़की को पुलिस ने मौत के घाट उतार दिया। हदीस नफाजी को तेहरान के नजदीक कराज सिटी में प्रदर्शन के दौरान छह गोली मारी गई। भूरे बालों वाली हदीस का एक वीडियो खूब वायरल हुआ था। इसमें वह एक प्रदर्शन के दौरान बिना हिजाब के पुलिसकर्मियों के समक्ष पहुंच गई थीं। इसके बाद वह रबर बैंड से बालों को बांध रही थीं।

**सोशल मीडिया पर हुई थी वायरल-** गौरतलब है कि कुछ दिन पहले ईरान में हिजाब न पहनने के चलते माशा अमीनी को पीटा गया था। इसके बाद उसकी मौत हो गई थी। इसके बाद से ही ईरान में हिजाब के खिलाफ महिलाएं बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। ऐसे ही एक प्रदर्शन के दौरान नफाजी अपने खुले बालों के साथ पुलिस के सामने पहुंच गई थीं। उनकी यह वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो गई थी। इसके बाद से ही वह हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन की ऑनलाइन सिंबल बन गई थी।

**हिजाब के खिलाफ प्रदर्शन-** बता दें कि ईरान में सभी महिलाओं के लिए हिजाब पहनना अनिवार्य है, चाहे वह किसी भी धर्म की हों। इसके चलते ही ईरान की पुलिस वहां पर महिलाओं के खिलाफ सख्ती कर रही है। पुलिस की सख्ती के चलते अमीनी को अपनी जान गंवानी पड़ी। इसके बाद जहां पूरे ईरान में हिजाब के खिलाफ जमकर प्रदर्शन हो रहे हैं। बड़ी संख्या में लोग ईरान की सड़कों पर विरोध कर रहे हैं। इसमें महिलाओं की संख्या भी काफी ज्यादा है। वहीं दूसरी तरफ पूरी दुनिया में भी उसकी किरकिरी भी हो रही है।

### अब तक कई लोगों की मौत

इस बीच शनिवार को सरकारी मीडिया में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का एक बयान जारी हुआ है। इसमें उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा और शांति से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ निर्णायक तरीके से कार्रवाई होगी। वहीं ईरान में हिजाब के खिलाफ के प्रदर्शनों को बहुत ही क्रूरतापूर्वक कुचला जा रहा है। यहां तक कि प्रदर्शनकारियों के ऊपर पुलिस गोली बरसाने से भी बाज नहीं आ रही है। एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक 21 सितंबर की रात तीन बच्चों समेत 21 लोग मार गए।

# अमेरिका के फ्लोरिडा प्रांत में आपातकाल की घोषणा

**वाशिंगटन (एजेंसी)**। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने उष्णकटिबंधीय तूफान इयान के प्रकोप के मद्देनजर फ्लोरिडा प्रांत में आपातकाल की स्थिति घोषित की है और स्थानीय अधिकारियों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

### इयान तूफान के मद्देनजर अलर्ट

अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने यह जानकारी दी। इससे पहले शनिवार को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने उष्णकटिबंधीय तूफान इयान अमेरिकी तट की ओर बढ़ने की स्थिति को ध्यान में रखते हुए मंगलवार को पूर्व निर्धारित आर्टेमिस-1 मानव रहित चंद्रमा मिशन के प्रक्षेपण को स्थगित कर दिया । अमेरिकी नेशनल हरिकेन सर्विलांस सेंटर के अनुसार उष्णकटिबंधीय तूफान इयान रविवार को कैरेबियन सागर के मध्य भाग को पार करने और जमैका के दक्षिण-पश्चिमी भाग से गुजरने की उम्मीद है। यह सोमवार की रात केमैन आइलैंड्स के पास से गुजरेगा और क्यूबा के पश्चिमी हिस्से में पहुंचेगा।

## पवित्र डुबकी



हरिद्वार में पितृ अमावस्या के अवसर पर रविवार को गंगा में लाखों श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर संयुक्त राष्ट्र महासभा के अंतिम दिन बोले

# ध्रुवीकृत दुनिया में भारत की स्थिति अत्यंत महत्वपूर्ण

**न्यूयॉर्क ■ एजेंसी**



भारत के विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने स्पष्ट किया कि विश्व में मौजूदा स्थिति में भारत की बहुत ही महत्वपूर्ण स्थिति हैं. और कई विकसित देशों के शीर्ष नेताओं ने मोदी की नीतियों पर बढ़ चढ़कर भाग लिया हैं। वहीं, भारत बड़े पैमाने पर दक्षिण (गोलार्ध) की बड़ी आवाज के रूप में जाना जाता हैं।

सामान्य कूटनीति सही तरीके से काम नहीं कर रही- जयशंकर ने 11 दिवसीय अमेरिकी यात्रा के तहत एक हफ्ते के व्यस्त कार्यक्रम वाले पहले चरण का समापन न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र में दिए संबोधन के साथ किया। इस अवधि में उन्होंने करीब 100 देशों के समकक्षों से मुलाकात की और कई द्विपक्षीय व बहुपक्षीय बैठकों में हिस्सा लिया। जयशंकर ने भारतीय संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि इसमें दो राय नहीं है कि संयुक्त राष्ट्र महासभा दुनिया की स्थिति को प्रतिबिंबित करती है, जो खासतौर पर इस समय ध्रुवीकृत है। वास्तव में दुनिया जिस अवस्था में है, उसमें भारत महत्व रखता है। हम एक सेतु हैं, हम एक आवाज हैं, हम एक दृष्टिकोण, एक जरिया हैं। विदेश मंत्री अमेरिका की यात्रा के दूसरे चरण के तहत रविवार को वाशिंगटन रवाना होंगे। जयशंकर ने कहा कि जब सामान्य कूटनीति सही तरीके से काम नहीं कर रही है, तब भारत के कई देशों के साथ संबंध हैं, उसमें विभिन्न देशों और क्षेत्रों के साथ संवाद करने और अहम मुद्दों को उठाने की योग्यता है। उन्होंने कहा कि आज भारत को वैश्विक स्तर पर 'व्यापक रूप से' दक्षिण की आवाज माना जाता है।

### वैश्विक परिषदों में होने वाली चर्चाओं में ये मुद्दे भी जगह पाएं

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था संकट में है और खाद्यान्न व ईंधन की बढ़ती कीमतें चिंता पैदा कर रही हैं, उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर भी चिंता है, कर्ज के बढ़ते बोझ ने भी कई देशों में गहरी चिंताएं पैदा की हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी हताशा है कि इन मुद्दों को सुना नहीं जा रहा है। उन्हें आवाज नहीं दी जा रही है। वैश्विक परिषदों में होने वाली चर्चाओं में इन मुद्दों को प्रमुखता से नहीं उठाया जा रहा है।

### जयशंकर ने रूस के विदेश मंत्री लावरोव से द्विपक्षीय सहयोग, जी-20 समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को यहां अपने रूसी समकक्ष सर्गेई लावरोव से द्विपक्षीय सहयोग, यूक्रेन, जी-20 और संयुक्त राष्ट्र में सुधार समेत व्यापक मुद्दों पर बातचीत की। जयशंकर ने ट्वीट किया, कि यूएनजीए-77 में रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ कई विषयों पर बातचीत हुई। हमने द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। यूक्रेन, जी-20 और संयुक्त राष्ट्र सुधारों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) की आम बहस में जयशंकर के संबोधन से कुछ घंटे पहले दोनों नेताओं की बैठक हुई। लावरोव भी महासभा को संबोधित करेंगे।

# प्रयागराज मंडल में मनाया गया स्वच्छ आहार दिवस

*खाद्य सामग्री की जाँच की गई एवं पेंट्रीकार में साफ-सफाई सुनिश्चित की गई।*

**प्रयागराज ■ ब्यूरो**



भारतीय रेल में स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक 16 सितंबर से अक्टूरब तक स्वच्छ पखवाडा मनाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रयागराज मण्डल में रविवार को स्वच्छ आहार दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मण्डल से गुजरने वाली विभिन्न गाडियों के पेंट्रीकार का निरिक्षण कर पेंट्रीकार में तैयार कि जा रही खाद्य सामग्री की जाँच की गई एवं पेंट्रीकार में साफ- सफाई सुनिश्चित की गई। निरीक्षण के दौरान गाड़ी संख्या 18309 जम्मूतवी एक्सप्रेस, 12311 नेताजी एक्सप्रेस गाडियों के पेंट्रीकार का निरीक्षण कर पेंट्रीकार में रखे पैकिंग आइटमों की वैधता तिथि ,बोतलों में बिक रहे पानी की गुणवत्ता एवं उनपर अंकित वैधता तिथि एवं निर्माण तिथि की जाँच करने के साथ-साथ खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जाँच एवं साफ- सफाई सुनिश्ख्ति की गई। इस दौरान कानपुर,मिर्जापुर एवं अलीगढ में संचालित फूड प्लाजा और प्रयागराज,कानपुर टूंडला ,फतेहपुर, इटावा एवं मानिकपुर में रिफ्रेंशमेंट रूमों आदि का निरिक्षण कर खान-पान सामग्री की जाँच की गई।

### राष्ट्रपति मुर्मू 26 से 28 तक कर्नाटक यात्रा पर

**बैंगलुरु, (एजेंसी)**। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 से 28 सितंबर तक पहली बार किसी राज्य की यात्रा पर आएंगी। श्रीमती मुर्मू 26 सितंबर पर चामुंडी पहाड़ी पर मैसुरु दशहरा का उद्घाटन करेंगी और उसी दिन हुब्बाली में हुबली-धारवाड नगर पालिका द्वारा आयोजित पूर्ण सम्मान समारोह में हिस्सा लेंगी। वह धारवाड में भारतीय सूचना तकनीकी संस्थान के नए कैंपस का भी उद्घाटन करेंगी।

18वें दिन त्रिशूर के थिरूर से शुरू भारत जोड़ो यात्रा

# किसानों तथा युवाओं की आवाज को उठाना है: राहुल गांधी



**त्रिशूर (केरल), (एजेंसी)**। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' के 18वें दिन रविवार को त्रिशूर के थिरूर से बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी के साथ शुरू हुआ।

आज की केरल यात्रा सुबह 10 बजे सेंट फ्रांसिस जेवियर्स फोरेन चर्च में रुकी और शाम पांच बजे वडक्कनचेरी जंक्शन से फिर से शुरू होकर शाम सात बजे वेट्टीकट्टीरी पहुंची।

श्री गांधी ने कहा कि यात्रा का मकसद राज्य प्रायोजित नफरत का विरोध करना, सांप्रदायिक एजेंडे से लड़ना, आर्थिक गलतियों पर सवाल उठाना और किसानों तथा युवाओं की आवाज उठाना है। केरल के वायनाड से सांसद गांधी ने कहा कि विभाजित और नफरत से भरा भारत हमारे हित में नहीं है। केरल के लोगों ने दिखाया है कि वे प्यार में विश्वास करते हैं, नफरत में नहीं। वे एकता में विश्वास करते हैं, विभाजन में नहीं। केंद्र में सरकार नफरत, अहंकार और विभाजन का प्रचार करती है। आगामी एक अक्टूबर को कर्नाटक में प्रवेश करने से पहले केरल में 19 दिनों में, यात्रा 450 किलोमीटर से अधिक की दूरी तय करेगी और सात जिलों को कवर करेगी। भारत जोड़ो यात्रा पांच महीने की है, जो कन्याकुमारी से श्रीनगर तक 3,500 किलोमीटर से अधिक लंबी पैदल यात्रा है।

### राहुल कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व करें, खड़गे की इच्छा

**कलबुर्गी (एजेंसी)**।वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से चाहते हैं कि श्री राहुल गांधी पार्टी का नेतृत्व करें। श्री खड़गे ने यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से चाहता हूं कि श्री राहुल गांधी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बनें। मैंने हाल ही में सुश्री सोनिया गांधी से मुलाकात की और उनसे कहा कि श्री राहुल गांधी को पार्टी का नेतृत्व करना चाहिए, लेकिन उन्होंने मुझसे कहा कि परिवार से कोई भी अध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेगा।

# राजू की प्रेयर मीट में कई बड़े सितारे शामिल

### सभी ने नम आंखों से विदाई दी

**मुंबई, (एजेंसी)**। राजू श्रीवास्तव के परिवार ने रविवार को मुंबई में उनके लिए एक प्रेयर मीट रखी। 21 सितंबर को राजू श्रीवास्तव इस दुनिया से विदा हो गए। उनके प्रेयर मीट में टीवी और फिल्म जगत के कई बड़े सितारे पहुंचे। राजू श्रीवास्तव के सोशल मीडिया पेज से भी उनके प्रेयर मीट की जानकारी दी गई थी। इसका आयोजन जुहू स्थित इस्कॉन मंदिर में शाम चार से छह बजे के बीच हुआ। राजू श्रीवास्तव की प्रेयर मीट में टीवी और फिल्म जगत के कई जाने-माने सितारे पहुंचे। सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। इनमें कपिल शर्मा, भारती सिंह, हर्ष लिंबाचिया, कीकू शारदा, अनीस बज्मी, संभावना सेठ, केके मेनन, अरुण गोविल, जूही बब्बर, एहसान कुरैशी नील नितिन मुकेश और उनके पिता नितिन मुकेश सहित अन्य लोग पहुंचे

# कुपवाड़ा में मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए

**श्रीनगर, (एजेंसी)**। जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले के माछिल सेक्टर में रविवार को एलओसी के पास सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गये। पुलिस ने कहा कि सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने माछिल सेक्टर के टेकरी नार में नियंत्रण रेखा के पास दो आतंकियों को मार गिराया।

पुलिस ने कहा कि मारे गए आतंकियों की पहचान और संबद्धता का पता लगाया जा रहा है। मृत आतंकियों के पास से दो एके-27 राइफल, दो पिस्तौल और चार हथगोले बरामद किए हैं। पुलिस केस की जांच में जुटी हुई है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस घटना को लेकर एक ट्वीट में कहा कि सेना व कुपवाड़ा पुलिस ने कुपवाड़ा के माछिल इलाके में एलओसी टेकरी नार के पास दो आतंकियों को ढेर किया। मारे गए आतंकियों की शिनाख्त की जा रही है। दो एके 47 राइफल, दो पिस्तौल और चार हथगोले बरामद किए।

पर्व — वयवस्थाएं चाक चौबंद, पूरा मेला क्षेत्र ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों की जद में

# विंध्याचल नवरात्र मेला आज से, तैयारियां पूरी

**मिर्जापुर ■ ब्यूरो**



उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जिले में प्रमुख तीर्थ स्थल विन्ध्याचल में सोमवार 26 सितंबर से प्रख्यात विंध्याचल नवरात्र मेला शुरू होने जा रहा है।

इसके लिए की गई व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में रविवार को मिर्जापुर की जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने बताया कि प्रशासन ने सुरक्षा इंतजामों सहित अन्य सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने कहा कि पूरा मेला क्षेत्र ड्रोन एवं सीसीटीवी कैमरों की जद में होगा। मेला सुरक्षा में अर्धसैनिक बल के जवानों के साथ दो हजार से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है।

मित्तल ने बताया कि आधुनिक उपकरणों से युक्त बम निष्क्रिय दस्ता एवं जल पुलिस के जवान मुस्तैद रहेगे। यात्रियों की सहूलियत की दृष्टि से इस बार कई नये प्रयोग किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को खुद यहां आकर इस मेला की तैयारियों को जायजा लिया था।

मां विन्ध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में चरण छूने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। यह प्रतिबंध अतिविशिष्ट व्यक्तियों पर भी लागू होगा। उन्होंने बताया कि पंडों, नाईयो और सफाईकर्मी के लिए ड्रेस कोड में रहने के आदेश दिए गए हैं। दुकानदारों और वाहन स्टैंडो पर रेट लिस्ट लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जिससे तीर्थयात्रियों को उचित कीमत पर हर सामान मिल सके। नौ दिन तक चलने वाले मेले में सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किए गए हैं।

### सीएम योगी ने शारदीय नवरात्रि पर प्रदेशवासियों दीं शुभकामनाएं

**लखनऊ, (ब्यूरो)**।उप्र के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्रि के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। रविवार को जारी एक संदेश में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माँ दुर्गा की उपासना का अत्यधिक महत्व है। माँ दुर्गा शक्ति की अधिष्ठात्री देवी हैं। इनके अनन्त रूप हैं लेकिन प्रधान नौ रूपों में नवदुर्गा बनकर आदिशक्ति सम्पूर्ण पृथ्वीलोक पर अपनी करुणा की वर्षा करती हैं। माँ भगवती भक्तों और साधकों में अपनी ही शक्ति का संचार करते हुए, करुणा एवं परोपकार के द्वारा संसार के प्राणियों का हित करती हैं। मुख्यमंत्री योगी ने लोगों से कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत सभी सावधानियां बरतते हुए नवरात्रि तथा दुर्गा पूजा के अवसर पर कार्यक्रमों को आयोजित करने की अपील की।

# उमरे रेलवे प्रयागराज ने चलाया स्वच्छता अभियान




**प्रयागराज, (ब्यूरो)**। सेंट जॉन एम्बुलेंस उमरे प्रयागराज की टीम ने रविवार को स्वच्छता पखवाड़ा रैली निकालकर स्वच्छता का संदेश दिया व सफाई के महत्व पर प्रकाश डालते हुए पर्चे वितरित किये।

घर-घर जाकर पर्चे बांटे गए। जगह-जगह पड़े कूढ़े को उठाया गया व स्वच्छता संबंधी संदेश दिया गया। गंदगी से तेजी से फैल रही मच्छरों से बीमारिया डेंगु व चिकेंगुनिया, मलेरिया के बचने के उपायों को बताया गया। इस दौरान सचिव आलोक कुमार वर्मा, अनूप कुमार एम्बुलेंस ऑफिसर राजीव सिंह, उदय चन्द्र मौर्या, बीवी श्रीवास्तव, विद्या सागर सिंह, जेके विश्वकर्मा तथा ब्रिगेड के सेवानिवृत ऑफिसर एके आर्या व पवन कुमार आदि उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# बैन से बनेगी बात

पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंड़िया (पीएफआई)के खिलाफ राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई मोदी सरकार की आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की नीति का उदाहरण है। पीएफआई देश की एकता और अखंड़ता को तार-तार करने की साजिश में शामिल रही है। लिहाजा, सरकार को एक्शन में आना ही था। एनआईए पीएफआई मामले में अब तक 12 एफआईआर दर्ज कर चुकी है। पहले भी पीएफआई के खिलाफ कार्रवाई होती रही है, मगर गुरुवार को एनआईए ने अपने 300 अफसरों को इस संगठन के खिलाफ उतारा और कुल 15 राज्यों में एक साथ धावा बोला। दरअसल, जांच टीम को लगातार इनपुट और सबूत मिले थे कि पीएफआई के नेता और कैडर आतंकवाद और आतंकवादी गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित करने में शामिल हैं। संगठन सशस्त्र प्रशिक्षण देने और लोगों को प्रतिबंधित संगठनों में शामिल होने के लिए कट्टरपंथी बनाने के काम में शामिल है। देश भर में इस संगठन ने जिस तरह से देश की एकता और अखंड़ता के खिलाफ काम किया व लोगों के मन में जहर भरे हैं और निर्दोष लोगों का खून बहाने की साजिश रची है, वह वाकई चिंता की बात है। बताते चलें कि पिछले कुछ वर्षा में विभिन्न राज्यों द्वारा पीएफआई और उसके नेताओं और सदस्यों के खिलाफ कई हिंसक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बड़ी संख्या में आपराधिक केस दर्ज किए गए हैं। पीएफआई द्वारा किए गए आपराधिक हिंसक कृत्यों में कॉलेज के प्रोफेसर का हाथ काटना, अन्य धर्मों को मानने वाले संगठनों से जुड़े व्यक्तियों की निर्मम हत्या, प्रमुख लोगों और स्थानों को टारगेट करने के लिए विस्फोटकों को जमा करना, इस्लामिक स्टेट को समर्थन और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाना शामिल रहा है। यहां तक कि पटना के फुलवारीशरीफ में गजवा-ए-हिंद स्थापित करने की साजिश रची जा रही थी। धर्म के नाम पर विभिन्न समुदायों के बीच वैमनस्यता फैलाना किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जा सकती है। इस मसले पर सभी राज्यों को एकजुट होना पड़ेगा। चूंकि केरल में इस संगठन का मुख्यालय है और वहीं से देशभर में आतंकी गतिविधियां संचालित होती हैंग लिहाजा वोट बैंक की राजनीति से ऊपर उठकर राज्य सरकार को सोचना पड़ेगा। पीएफआई चूंकि राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा है लिहाजा केंद्र सरकार को इसपर तत्काल प्रतिबंध लगाना चाहिए।

# जीतने वाले कभी हार नहीं मानते

लक्ष्य के बिना मनुष्य का जीवन दिशाहीन और व्यर्थ है। जिस तरह बिना गोली के बंदूक बेकार होती है। उसी प्रकार जिन लोगों की जिंदगी में कोई लक्ष्य नहीं होता वो जीता तो है लेकिन भटकता रहता है और किसी काम का नहीं होता। लक्ष्य को तय करने की राह आसान नहीं होती, इसमें इंसान कई बार गिरता है। उसे असफलता का सामना भी करना पड़ता है। कई बार ऐसी स्थिति आती है जब मनुष्य को हार भी झेलनी पड़ती है लेकिन चाणक्य ने कहा है कि किस परिस्थिति में ऐसे मनुष्य हार के भी बाजी जीत जाते हैं। प्रयास करने के बाद भी असफल हुए तो ऐसे में आप उस व्यक्ति से ज्यादा बेहतर होंगे जिसको बिना कोशिश के सफलता मिली हो।

बेहतर, चाणक्य ने कहा जो व्यक्ति अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निरंतर कोशिशें करता है लेकिन फिर भी हार जाता है, ऐसे व्यक्ति जीतने वाले से सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं। जो बिना प्रयास के शॉर्टकट से जीत हासिल करता है। उससे कई बेहतर है, वो इंसान है जिसने अपनी मंजिल को पाने के लिए जी तोड़ मेहनत की और अंत तक हिम्मत न हारी। बिना कोशिश के कई लोगों कामयाबी प्राप्त कर लेते हैं लेकिन उन्हें बाद में इसका हरजाना भुगतना पड़ता है, क्योंकि ऐसी जीत खोखली होती है। वहीं जो कदम कदम पर हर चीज को बारीकी से खीखता है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए हर पड़ाव को पार कर मुकाम तक पहुंचने का प्रयास करता है, उसकी ईमानदारी के साथ की गई मेहनत बहुत काम आती है। ऐसे व्यक्ति हर जगह वाह-वाही प्राप्त करते हैं। जो गिरकर भी हार नहीं मानते, लक्ष्य को हासिल करने के लिए पूरे तन-मन से कोशिश करते हैं। ऐसे व्यक्ति अगर असफल हो भी जाए तो हारी हुई बाजी जीत जाता है, क्योंकि मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती। वर्तमान में नहीं तो भविष्य में उसे मेहनत का फल जरूर मिलेगा।

क्रमश: महात्मा गांधी ने भी कहा है कुछ न करने से बेहतर है कुछ करना। सच्ची सफलता बिना संघर्ष के नहीं मिलती। मुकाम तक पहुंचने के लिए कई मुश्किलों को पार करना पड़ता है। एक आदमी अपने विचारों का उत्पाद है, वह क्या सोचता है, वह बन जाता है। महात्मा गांधी के जीवन से हमें यही सीख मिलती है कि यदि हमें बार-बार असफलता का सामना करना पड़े तब भी आशा नहीं छोड़नी चाहिए। हो सकता है कि इस असफता के बाद ही सफलता मिले।

यथेष्ठ, स्वामी विवेकानंद कहते हैं कि हर मनुष्य के जीवन में लक्ष्य का होना बहुत जरूरी है। जीवन में एक ही लक्ष्य बनाओ और दिन-रात उसी लक्ष्य के बारे में सोचो। स्वप्न में भी तुम्हें वही लक्ष्य दिखाई देना चाहिए। फिर जुट जाओ, उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए। धुन सवार हो जानी चाहिए आपको। सफलता अवश्य आपके कदम चूमेगी। असल में जब आप कोई कर्म करते हैं तो जरूरी नहीं कि आपको सफलता मिल ही जाए, लेकिन आपको असफलताओं से घबराना नहीं चाहिए। अगर बार-बार भी असफलता हाथ आती है तो भी आपको निराश नहीं होना है। इस बारे में विवेकानंद कहते हैं, एक हजार बार प्रयास करने के बाद यदि आप हार कर गिर पड़े हैं तो एक बार फिर से उठें और प्रयास करें। हमें लक्ष्य की प्राप्ति तक स्वयं पर विश्वास और आस्था रखनी चाहिए और अपनी सोच को हमेशा सकारात्मक रखना चाहिए। अगर तुम निशाना लगा रहे हो तो तुम्हारा पूरा ध्यान सिर्फ अपने लक्ष्य पर होना चाहिए।

अलबत्ता, किसी काम में असफल हो भी गए हो तो क्या हुआ ये अंत तो नहीं है ना, फिर से कोशिश करो क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। असफलता तो सफलता की एक शुरुआत है, इससे घबराना नहीं चाहिए बल्कि पूरे जोश के साथ फिर से प्रयास करना चाहिए। इसलिए असफलता सफलता से कहीं ज्यादा महत्व रखती है। असफलता ही इंसान को सफलता का मार्ग दिखाती है। मूलमंत्र जो परिस्थितियों के लिए सदा तैयार रहता है वो जीवन में सफलता का हकदार रहता है। किसी महापुरुष ने बखूबी कहा है कि, 'जीतने वाले कभी हार नहीं मानते और हार मानने वाले कभी जीत नहीं सकते।'

# राजस्थान के केबिनेट मंत्री टीकाराम जूली ने किसानों को दी राहत

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**अलवर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग एवं कारागार विभाग मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि बरसात से किसानों की फसल का जो नुकसान हुआ है उसकी निश्चित तौर पर भरपाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि जिलेभर में फसल खराबे का सर्वे करवा दिया गया है जल्द ही किसानों को उचित मुआवजा दिलवाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग,प्रशासन तथा बीमा कम्पनियों को निर्देश दिए गए है कि पूरे जिले में सर्वे करवाकर किसानों की खराब हुई फसल का आंकलन कर उन्हें आर्थिक सम्बल प्रदान करने के लिए अतिशीघ्र कार्य करे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत व कृषि मंत्री श्री लालचंद कटारिया से चर्चा कर जिला कलक्टर को निर्देश दिए गए है कि जिले भर में गिरदावरी करवाकर किसानों की खराब हुई फसल का आंकलन कर उन्हें उचित मुआवजा दिलवाया जाये। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा में राज्य सरकार पूरी संवेदनशीलता के साथ प्रदेशवासियों के साथ खड़ी है। उन्होंने बताया कि अलवर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के गांव बहादुरपुर में श्री मांगेलाल मेघवाल पुत्र हीरालाल मेघवाल का इन दिनों हुई बरसात के कारण भवन गिर गया है तत्काल प्रभाव से उन्हें भी सहायता राशि प्रदान की जायेगी।



# "शक्ति की उपासना का मंगल पर्व शारदीय नवरात्र"

डॉ अशोक कुमार भार्गव

हमारे देश में कन्या भ्रूण हत्या तथा महिलाओं के प्रति बढते जघन्य अपराध हमारी दूषित मानसिकता के विरोधाभास की पराकाष्ठा है। विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र ने कहा था 'मानव की मौत देखकर इतना दुख नहीं होता जितना मानवता की मौत पर।' निसंदेह मातृशक्ति के प्रति हमारी नकारात्मक सोच और कन्या भ्रूण हत्या मानवता की मौत से कम नहीं है। आजादी के अमृत काल में शारदीय नवरात्र का सबसे बड़ा संकल्प यही है कि हम मातृशक्ति और बेटियों के प्रति सम्मान तथा पूजन के पवित्र संस्कार को सही अर्थों में कार्य रूप में परिणित कर आदि शक्ति की सच्ची उपासना करें क्योंकि मातृशक्ति और बेटियों की वास्तविक आजादी के बिना हमारी आजादी अधूरी है।

भारत की सांस्कृतिक चेतना के भव्य और विराट स्वरूप की अभिव्यक्ति हमारे पर्व और त्योहार हैं जो राष्ट्रीय हर्ष, उल्लास, उमंग और उत्साह के प्रतीक हैं। ये देश काल और परिस्थिति के अनुसार अपने रंग-रूप आकार में भिन्न भिन्न हो सकते हैं और उन्हें व्यक्त करने के तरीके भी भिन्न भिन्न हो सकते हैं किंतु उनका सरोकार अंतत: मानवीय कल्याण, सुख और आनंद की उपलब्धि अथवा किसी आस्था, विश्वास, परम्परा या संस्कार का संरक्षण ही होता है। इस दृष्टि से भारतीय चिंतन अनेक संदर्भों, प्रसंगों, द्रष्टांतों और प्रेरक कथाओं से समृद्ध है जिनमें हमारी संस्कृति के सौम्य तत्वों की धरोहर विद्यमान है। यह धरोहर मानवीय मूल्यों की प्रेरक शक्ति है जो असत्य पर सत्य की और अधर्म पर धर्म की विजय का प्रतीक होती है।

शक्ति की उपासना का पर्व शारदीय नवरात्र आत्म संयमी साधकों को आध्यात्मिक प्रेरणा देने की शक्ति का पर्व समूह है। ऋग्वेद के दसवें मंडल में एक पूरा सूक्त शक्ति की आराधना पर आधारित है, जिसमें शक्ति की भव्यता का दुर्लभ स्वरूप मुखरित हुआ है। 'मैं ही ब्रह्म के दोषियों को मारने के लिए रुद्र का धनुष चलाती हूं। मैं ही सेनाओं को मैदान में लाकर खड़ा करती हूं। मैं ही आकाश और पृथ्वी में सर्वत्र व्याप्त हूं। मैं ही संपूर्ण जगत की अधिकारी हूं। मैं पारब्रह्म को अपने से अभिन्न रूप में जानने वाले पूजनीय देवताओं में प्रधान हूं। संपूर्ण भूतों में मेरा प्रवेश है।'

भारतीय परंपरा में मनोयोग पूर्वक की गई शक्ति की साधना आध्यात्मिक कायाकल्प की वैज्ञानिक विधि का ही पर्याय है। इस साधना की समग्र सिद्धि इस बात पर निर्भर करती है कि साधक का मन निष्पाप हो, ह्रदय निष्कलंक हो और उसकी साधना मानवीय मूल्यों, आदर्शों के लिए समर्पित हो। वस्तुत: साधना का आधार आत्म संयम ही है। मन वचन और कर्म की पवित्रता से ओतप्रोत भक्ति भाव शक्ति की उपासना को सार्थक और फलदायी बनाता है।

सनातन हिन्दू धर्म में परमेश्वर की तीन महा शक्तियों यथा महाकाली, महालक्ष्मी तथा महासरस्वती की अर्चना और आराधना आदिकाल से ही चली आ रही है। किसी भी राष्ट्र की सर्वतोमुखी प्रगति के लिए केवल शास्त्र बल ही नहीं वरन शस्त्र और धन बल भी परम आवश्यक है। इसीलिए हम विद्या बुद्धि के लिए ज्ञान की अधिष्ठात्री मां सरस्वती की समर्चना करते हैं तो शक्ति, साहस, शौर्य और पराक्रम के लिए आदि शक्ति मां दुर्गा की अर्चना तो वहीं सुख संपत्ति और ऐश्वर्य के लिए महालक्ष्मी की आराधना करते हैं। मार्कंडेय पुराण का देवी महात्म्य खंड 'दुर्गा सप्तशती' के नाम से जाना जाता है। इसमें मां दुर्गा के तीन चरित्र वर्णित हैं। त्रिगुणात्मक शक्ति के प्रतीक रूप में सत्वगुणात्मिक शक्ति सरस्वती, रजोगुणात्मिका शक्ति के रूप में महालक्ष्मी तथा तमोगुणात्मिकता शक्ति के रूप में महाकाली। तीनों चरित्रों से संबंधित तीन महान शौर्य गाथाएं हैं। प्रथम चरित्र में मधु और कैटभ नामक राक्षसों के वध का विस्तृत वर्णन है। मध्यम चरित्र में कुख्यात संत्रासक महिषासुर के विनाश की रोमांचकारी घटना है और अंतिम चरित्र में आततायी राक्षस शुंभ तथा निशुंभ के समग्र विनाश की रौद्र कथा चित्रित है।

नवरात्र की प्रतिपदा के पवित्र दिवस पर घट स्थापना कर सात प्रकार की मिट्टियों से भरे हुए पात्र में शुद्ध जल के साथ जो बोई जाती है जो पल्लवित होकर पवित्र ज्वारे का रूप धारण करती है। पंच पल्लव और पंचरत्न मिलाकर स्थापित घट या कलश के समीप ही मां दुर्गा की उज्जवल छवि वाली अप्रतिम सौंदर्य की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाती है और नवरात्र में नवदुर्गा के नौ स्वरूपों की यथा शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री के रूप में भक्ति भाव से अर्चना की जाती है। नवरात्रि में मां दुर्गा अर्थात दुखेन गम्यते प्राप्यते वा, की उपासना का विशिष्ट महत्व और अनूठा रहस्य है। हम यदि मां की अर्चना, आराधना, पूजा पाठ, मेवा मिष्ठान्न, आभूषण, परिधान आदि समर्पण से ही तृप्त हो जाएं तो हम उपासना के मूल मंतव्य और मर्म को सही अर्थों में समझ नहीं पाएंगे। वस्तुत: मां दुर्गा की विराट प्रतिमा संपूर्ण राष्ट्र का प्रतीक है। राष्ट्र का समग्र शारीरिक बल, संपदा बल और ज्ञान बल अदम्य पराक्रमी सिंह के समान ही है। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा का यह मुखर स्वरूप राष्ट्र भारती के रूप में प्रकट होता है। यद्यपि राष्ट्र को शास्त्र,शस्त्र और धन तीनों अवश्य चाहिए किंतु बुद्धि और विवेक के बिना यह तीनों बल निरर्थक ही नहीं वरन पूर्णत: विनाशक और संहारक भी होते हैं। इसीलिए इनके साथ बुद्धि विनायक महाकाय श्री गणेश भी रहते हैं जिनकी नीर क्षीर विवेक द्रष्टि के समक्ष विघ्न बाधाओं के, चुनौतियों के तूफान नत मस्तक हो जाते हैं। अपने भव्य स्वरूप में चहुंओर फैली हुई आदि शक्ति की दसों भुजाओं के अस्त्र-शस्त्र महान अपराजेय राष्ट्र की अमित शक्ति की ओर संकेत करते है। संसार में ऐसा कोई भी व्यक्ति अथवा राष्ट्र नहीं है जिसका कोई विरोधी अथवा गुप्त शत्रु न हो।अत: शक्ति की उपासना और कुछ नहीं वरन महिमामयी अखंड मां भारती की शक्ति की ही उपासना है।

जिस प्रकार वेद अनादि हैं उसी प्रकार दुर्गा सप्तशती भी अनादि है। इसमें वर्णित मधुकैटभ, महिषासुर और शुंभ, निशुंभ जैसी आसुरी शक्तियां महामोह, महामाया, महाअविद्या, अन्याय, आतंक, शोषण, अनाचार, विध्वंस और सर्वनाश की प्रतीक हैं। यदि मानसिक विकारों, चिंताओं और संकटों से मुक्त सुखद, समृद्ध, यशस्वी, आनंदमय स्वस्थ जीवन चाहते हैं तो हमें मां दुर्गा का आराधन निर्मल भक्ति भाव से सुनिश्चित करना चाहिए। सुरथ रूपी कर्म और एकाग्रता रूपी समाधि के समक्ष जब-जब विघ्न बाधाओं की चुनौतियां आई हैं तब मां दुर्गा ही उनके विनाश का कारक सिद्ध हुई है । निसंदेह मन के धरातल पर मां दुर्गा की उपासना से हम महारोग,महासंकट,महादुख, महाशोक और महोत्पात से मुक्त हो जीवन को धन्य और मंगल बना सकते हैं। भारत की सांस्कृतिक चेतना प्रारंभ से ही मातृशक्ति के प्रति श्रद्धा, सम्मान,अर्चन और वंदन के भाव से समर्पित रही है। और इसीलिए हम सभी नवरात्रि में अपने अपने मनोरथ सिद्धि के लिए विद्या, लक्ष्मी और शक्ति की उपासना करते हैं। यह अद्भुत परंपरा संसार में अन्यत्र कहीं भी वर्तमान नहीं है। वहीं दूसरी ओर हम बड़े ही श्रद्धा और आस्था के भाव से नवमी के दिन कन्याओं को रोली का तिलक लगाकर, हाथ में मौली बांधकर और उपहार भेंट सहित उनका पूजन भी करते हैं। यह संस्कार भी संसार के किसी भी देश या समाज में नहीं है। किंतु हमारे देश में कन्या भ्रूण हत्या तथा महिलाओं के प्रति बढते जघन्य अपराध हमारी दूषित मानसिकता के विरोधाभास की पराकाष्ठा है। विख्यात बांग्ला लेखक शरतचंद्र ने कहा था 'मानव की मौत देखकर इतना दुख नहीं होता जितना मानवता की मौत पर।' निसंदेह मातृशक्ति के प्रति हमारी नकारात्मक सोच और कन्या भ्रूण हत्या मानवता की मौत से कम नहीं है। आजादी के अमृत काल में शारदीय नवरात्र का सबसे बड़ा संकल्प यही है कि हम मातृशक्ति और बेटियों के प्रति सम्मान तथा पूजन के पवित्र संस्कार को सही अर्थों में कार्य रूप में परिणित कर आदि शक्ति की सच्ची उपासना करें क्योंकि मातृशक्ति और बेटियों की वास्तविक आजादी के बिना हमारी आजादी अधूरी है।

## विचार मंथन

# समन्वय और विश्वास बनाने की जरूरत

सनत जैन



पिछले 8 वर्षों में मुस्लिमों को केंद्र बिंदु में रखकर हिन्दू संगठनों एवं गोदी मीडिया ने उनके खिलाफ कई ऐसे कार्यक्रम चलाए, जिससे मुस्लिम भयभीत हुए, लेकिन उन्होंने प्रतिरोध नहीं किया। मुस्लिमों को अब लगने लगा है कि डरे रहने से वह सुरक्षित नहीं रहेंगे।

पिछले कई वर्षों से भाजपा और संघ के अनुवांशिक संगठनों ने मुस्लिमों के खिलाफ जिस तरह से नफरत का वातावरण फैलाया। हर स्तर पर उन्हें डराने और धमकाने का काम किया गया। राम मंदिर मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला मुस्लिमों ने स्वीकार कर लिया। इसे भारतीय जनता पार्टी और संघ परिवार ने इसे अपनी सबसे बड़ी जीत माना। उसके बाद से ही संघ के अनुवांशिक संगठन जिनमें विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और उनसे जुड़े हुए संगठन हैं। उन्होंने मथुरा और काशी का विवाद उग्र कर दिया। ताजमहल में भी हिंदू मंदिर की बात कहकर मुसलमानों में भय उत्पन्न किया गया। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को हिन्दू संगठनों ने नजर अंदाज करना शुरु कर दिया। उसने आग में घी डालने का काम किया है। ज्ञानवापी मस्जिद को लेकर विवाद चल ही रहा था। इसी बीच 15 राज्यों में जिसमें दक्षिण भारत के 5 राज्यों में छापामार कार्यवाही कर सैकड़ों पदाधिकारियों को टेरर फंडिंग के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। इसकी बड़ी तीव्र प्रतिक्रिया मुस्लिम समाज में हुई है। एक तरह से ईडी ने जिस तरह की कार्रवाई की। उससे लोगों को 1975 के आपातकाल की याद आ गई।

पीपुल्स फंट ऑफ इंडिया पिछले कई वर्षो से काम कर रहा है। पिछले कुछ वर्षों से इसे एक कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन बताकर आतंकवाद फैलाने वाला संगठन एनआईए बता रहा है। ईडी इस संगठन को राडार पर लिए हुई थी। एक साथ डाले गए छापे और गिरफ्तारी ने मुस्लिमों को उग्र बना दिया है। पिछले वर्षों के भय से एक तरह से मुस्लिम बाहर निकल रहे हैं। वह अपने वर्चस्व एवं सुरक्षा की लड़ाई के लिए खुलकर मैदान में आ गए हैं। वर्तमान स्थिति को देखकर लगता है, कि एक बार हम फिर 1947-48 वाली स्थिति में पहुंच गए हैं। जब भारत का पार्टीशन हुआ था। उसके बाद हिंदू और मुस्लिमों के बीच जो भय बना था। वही भय एक बार फिर मुसलमानों में देखने को मिल रहा है। आर्थिक मंदी, बेरोजगारी और महंगाई के चलते इस तरह के विवाद देश को कमजोर करेंगे।

भूख और सुरक्षा दो ऐसे विषय हैं, जिसको लेकर आदमी जीने और मरने की स्थिति में आकर खड़ा हो जाता है। पिछले 8 वर्षों में मुसलमानों के बीच जो भय अंदर ही अंदर बना था। लेकिन वह शांत था। राम मंदिर बन जाने के बाद और कश्मीर में धारा 370 खत्म हो जाने के बाद, भाजपा और संघ परिवार उन्हें शांति से रहने देगा। यह मुस्लिमों को लग रहा था। मुसलमानों का भय उनके अस्तित्व से जुड़ गया था। केरल की हिंसक घटनाएं मुस्लिमों के विरोध की शुरुआत है। सरकार और हिंदू संगठनों ने मुसलमानों को दबाने और उन्हें दोयम दर्जे के नागरिकों की तरह रखने की कोशिश को बंद नहीं किया, तो कानून व्यवस्था की स्थिति खराब ही होगी। इसके साथ-साथ राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी इसका असर देखने को मिलेगा। जब केंद्र में भाजपा की सरकार है। सारा नियंत्रण उनके हाथों में है। यदि उसके बाद भी पीएफआई आतंकी घटनाएं भारत में कर पा रही थी। इसके लिए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय और एनआईए की विफलता भी माना जाना चाहिए। वहीं ईडी की कार्यवाही को लेकर जिस तरह का अविश्वास पूरे देश में देखने को मिल रहा है। ऐसी स्थिति में मुस्लिमों का सड़क पर आना कोई आश्चर्य का विषय नहीं है। सरकार को बड़ी गंभीरता से वर्तमान स्थिति पर ध्यान देकर समन्वय और विश्वास बनाने की जरूरत है।

## वैश्विकी

# मोदी की फिसलती विदेश नीति!

डॉ. दिलीप चौबे



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कुछ शब्दों वाला यह कथन 'यह युद्ध का समय नहीं है' ' अंतरराष्ट्रीय राजनीति में 'बूझो तो जानो' जैसा पहेली बन गया है। मोदी न तो स्वयं और न उनके विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इस पहेली की व्याख्या की। सबसे प्रभावशाली कथानक अमेरिका सहित और पश्चिमी देशों और उनकी मीड़िया की ओर से पेश किया गया है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों और अमेरिका के विदेश मंत्री ब्लिंकन ने इसे रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को माकूल नसीहत बताया। इन नेताओं ने यह भी निष्कर्ष निकाला कि रूस के परंपरागत मित्र देश उसका साथ छोड़ रहे हैं।

पश्चिमी देशों ने विशेषकर प्रधानमंत्री मोदी को केंद्रित करते हुए यह प्रचारित करने की कोशिश की कि राष्ट्रपति पुतिन का साथ देने वाला कोई देश और नेता नहीं है। भारतीय मीड़िया और विश्लेषकों ने भी इसे अपने आलसीपन में इसी कथानक को दोहराया। अमेरिका समर्थक विश्लेषकों ने जानी-मानी पत्र-पत्रिकाओं में इस आशय के लेख प्रकाशित किए हैं कि भारत धीरे-धीरे, लेकिन निश्चित रूप से रूस से दूरी बना रहा है। विदेश मंत्री जयशंकर के पास पिछले एक सप्ताह के दौरान यह पर्याप्त अवसर था कि वह इस बात का खुलासा करें कि मोदी का यह कथन रूस को सद्इच्छा से दी गई एक सलाह है अथवा विदेश नीति में बदलाव का परिचायक है।

भारत की रणनीतिक स्वायत्तता और स्वतंत्र विदेश नीति के समर्थक बहुत से विशेषज्ञ पिछले एक सप्ताह के घटनाक्रम को विदेश नीति में फिसलन अथवा बदलाव के परिप्रेक्ष्य में विश्लेषित कर रहे हैं। स्वाभाविक है कि क्रेमलिन में भी भारत के हालिया रवैये पर गौर किया जा रहा होगा। इसी संदर्भ में भारत स्थित रूस के राजदूत ने यह भरोसा दिलाया कि विश्व घटनाक्रम के संदर्भ में भारत रूस एक पेज पर हैं। दूसरे शब्दों में उनकी राय एक जैसी है, लेकिन रूस के राजदूत के बयान के बावजूद मोदी के कथन को लेकर प्रचारित की जा रही धारणा (परसेप्शन) का खंड़न नहीं हो सकता। इसके लिए तो प्रधानमंत्री कार्यालय अथवा विदेश मंत्री एस. जयशंकर को स्वयं स्पष्टीकरण देना चाहिए। यह सही है कि विदेश नीति में जटिल और संवेदनशील मुद्दे होते हैं तथा उनपर चर्चा चौपाल या चौराहे पर नहीं हो सकती, लेकिन एक लोकतांत्रिक देश में जनता को विदेश नीति सहित सभी क्षेत्रों में सरकार की ओर से पारदर्शिता कायम रखने की अपेक्षा होती है।

विदेश मंत्री जयशंकर 11 दिन की अमेरिकी यात्रा पर हैं। पिछले 6 महीने के दौरान अमेरिका और पश्चिमी देशों ने भारत पर दबाव ड़ालने के लिए राजनयिक यात्राओं की झड़ी लगा दी। हर दूसरे दिन कोई-न-कोई नेता भारत यात्रा पर रहा और यूक्रेन मसले पर भारत की नीति को प्रभावित करने की कोशिश की गई। इतना ही नहीं राजनयिक शिष्टाचार और परिपाटी का उल्लंघन करते हुए उन्होंने भारत के भरोसेमंद दोस्त रूस और राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन के विरुद्ध कटु वाक्य बोले। विदेश मंत्रालय के स्तर पर किसी भी विदेशी नेता को आगाह नहीं किया कि भारत की धरती पर उसके मित्र देश के विरुद्ध आक्षेप और आरोप नहीं लगाएं। इसी रवैये का नतीजा है कि 'भारत रूस से दूरी बना रहा है' की धारणा को बल मिल रहा है। जयशंकर अभी अमेरिका में कुछ दिन और रहेंगे। उनसे अपेक्षा है कि वह पूरी स्थिति स्पष्ट करें।

रूस से दूरी बनाना क्या भारत के हित में है? रूस का साथ छोड़ने पर भारत को चीन और पाकिस्तान के मोर्चे पर कितनी कीमत चुकानी पड़ेगी? हजारों मील दूर बैठा अमेरिका क्या भारत की मदद के लिए सामने आएगा? देर-सबेर सरकार को इसका जवाब देना होगा।

भारत और यूक्रेन के संबंध में नीति बदलने के लिए अभी सीधे रूप से कोई धमकी नहीं दी गई है। चीन के विरुद्ध अमेरिका को भारत के समर्थन और सक्रिय भागीदारी की जरूरत है। भारत भी अमेरिका की इस मजबूरी के दायरे में अमेरिका और रूस के साथ अपने संबंधों में संतुलन बनाकर चल रहा है। विदेश मंत्री को अंतरराष्ट्रीय बिरादरी के सामने यह बात बेबाकी से रखनी चाहिए कि भारत संतुलन की नीति को छोड़कर किसी एक ओर नहीं झुकेगा। देशवासियों की भी उनसे यही अपेक्षा है।



## पंडित पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती डूंगरा मंडल द्वारा बनाई गई धूमधाम से



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़** - सज्जनगढ़ उपखंड के कसारवाडी हनुमान जी मंदिर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल डूंगरा छोटा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती एवं बूथ कमलोत्सव कार्यक्रम मनाया गया ,कार्यक्रम की अध्यक्षता सूर्यसिंह लबान मंडल अध्यक्ष द्वारा की गई एवं कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं मुख्य अतिथि श्री गणपत जी डामोर जिला उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी बांसवाड़ा एवं डूंगरा मंडल प्रभारी रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में गलियां भाई सरपंच , हुकल भाई ,वालसिंह डामोर रहे ,सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों ने पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पंडित दीनदयाल जिंदाबाद के उद्घोष लगा कर के कार्यक्रम का आगाज किया, मंडल अध्यक्ष द्वारा सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों एवं कार्यक्रम में उपस्थित समस्त कार्यकर्ताओं का शब्द सुमन द्वारा स्वागत किया ,कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गणपत जी डामोर पंडित जी के जन्म से लेकर अंतिम समय तक के मध्य की एवं उनके संघर्ष की राष्ट्र के प्रति उनके योगदान की व्याख्या प्रस्तुत की, पंडित जी का सपना था अंतिम छोर तक के व्यक्ति को लाभ मिलना चाहिए वहां उनका सपना वर्तमान सरकार के प्रधान सेवक के रूप में आदरणीय नरेंद्र जी मोदी द्वारा पंडित जी के सपने को अमल में लाने का कार्य किया जा रहा है, एवं पंडित जी के 56 वर्ष के जीवन काल में उनकी तमाम उपलब्धियों का बखान किया और बताया कि अल्पायु में देश के लिए बहुत कुछ अपने योगदान दिया, कार्यक्रम को गलियां भाई , हुकला भाई, भाई उदय सिंह, वालसिंह डामोर ने भी संबोधित किया, कार्यक्रम में उपस्थित लालचंद जी सरपंच ,बाबूलाल सरपंच ,मणिलाल घोती युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप सिंघाड़ा, रिसमल डामोर, रितेश डामोर , पार्थिंग बारिया ,पूर्व उप प्रधान पार सिंह एवं भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी ,वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं संपूर्ण कार्यकर्ता उपस्थित रहे ,कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री संजय पंचाल द्वारा किया गया एवं आभार व्यक्त दिलीप सिंगाड़ा द्वारा किया गया अंत में प्रसादी वितरण करके कार्यक्रम का समापन किया गया। ये जानकारी संजय पंचाल, महामंत्री बीजेपी मंडल डूंगरा छोटा ने दी।


## ग्राम सेवा सहकारी समिति ईसरौता में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का विरोध हुआ निर्वाचन




मरूधर विशेष दिनेश लेखी

**कठूमर।** ग्राम सेवा सहकारी समिति ईसरौता में रविवार को समिति के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन हुआ। निर्वाचन अधिकारी नृपेश सोलंकी ने बताया कि दी ईसरोता ग्राम सेवा सहकारी समिति लिमिटेड इसरोता में अध्यक्ष पद पर गंगाराम गुर्जर उपाध्यक्ष पद पर पार्वती देवी को निर्विरोध चुना गया। और संचालक मंडल के सदस्य वीरेंद्र, हरिचरण, मुक्ति, रामपाल ,साहब सिंह, करण सिंह जाट, मदनलाल, जगदीश, भगवान सिंह, हरिभान सिंह संचालक मंडल सदस्य चुने गए।

## नारायणपुर में गायों से भरी गाड़ी जब्त की



मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

**बानसूर** - नारायणपुर में रात को 2 बजे एक गायों से भरी गाड़ी को जब्त किया है। गाड़ी में क़रीब 10 गायों को ठूंस ठूंस कर भर रखा था। गौरक्षक मनोज सोनी ने बताया कि बीती रात 2 बजे नारायणपुर के समीप अजबपुरा गांव में गायों से भरी एक मिनी टाटा 407 गाड़ी को पकड़ा है। जिसमे 10 गायें ठूंस ठूंस कर भरी हुई थी। मनोज सोनी ने बताया कि रात को सूचना मिली कि गौ तस्कर गायों से भरी हुई गाडी नारायणपुर की तरफ लेकर आ रहे हैं। सूचना पर नारायणपुर और बानसूर गौ रक्षक की टीम ने गाड़ी का पीछा किया। मौका पाकर गौ तस्कर गायों से भरी हुई गाडी को अजबपुरा गांव में छोड़कर फरार हो गए। वहीं गौ रक्षकों ने सभी गायों को मुक्त कर नारायणपुर गौशाला में भिजवाया ।

## नीट परीक्षा में सेलेक्ट हुए जगदेव पुत्र वीरेंद्र यादव का सम्मान किया गया।

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**बहरोड़।** रविवार को ग्राम कारोड़ा में नीट परीक्षा में सेलेक्ट हुए जगदेव पुत्र वीरेंद्र यादव एडवोकेट को साफा माला पहनाकर बस्तीराम यादव एडवोकेट सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्मान किया गया और इस मौके पर दी अजमेरीपुर ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित होने पर वीरेंद्र यादव एडवोकेट कारोड़ा को साफा माला पहनाकर स्वागत किया गया वही पर ताइक्कांडो मैं प्रदेश स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कुंमारी तन्वी पुत्री नीरज कुमार निवासी कारोड़ा को साल में माला पहनाकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य बस्तीराम यादव एडवोकेट ने सम्मानित किया। इस अवसर पर सरपंच शौताज सिंह डॉक्टर जयपाल सिंह सरपंच मुकेश यादव पार्षद रोहताश यादव अशोक जांगिड, रविशंकर सैनी, भूपेन्द्र सैनी, विक्रम सिंह यादव, लोकेश, विजय कुमार ,वीरेंदर यादव एडवोकेट अध्यक्ष सहकारी समिति निशू यादव लहरी राम यादव पूर्व अध्यक्ष आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति इत्यादि दर्जनों ग्राम वासी उपस्थित रहे।

# नगर परिषद काजी हाउस में परिषद की लापरवाही से लंपि से पहले कीचड़ में मरने को मजबूर गौ माता

### डॉक्टर पंकज गुप्ता ने प्रशासन को जिम्मेदार बताया

मरुधर विशेष युवराज शर्मा



आज ब्रिज भूमि कल्याण परिषद के तत्वाधान में परिषद के राष्ट्रीय संयोजक डॉ पंकज गुप्ता के नेतृत्व में अलवर स्थित राज सरकार की गोशाला कांजी हाउस का निरीक्षण किया, कांजी हाउस के निरक्षण में यह पाया गया कि राज्य सरकार और प्रशासन के द्वारा कांजी हाउस की व्यवस्था में गंभीर लापरवाही बरती जा रही है और गोवंश को कीचड़ और मलबे मैं रहने को मजबूर किया जा रहा हैं जिसके कारण से जो अच्छी भली गाय हैं वो भी बीमार हो सकती हैं और हो रही हैं। सरकार के द्वारा चिकित्सा की कोई भी कोई अच्छी व्यवस्था नहीं की गई है सामाजिक संस्था हिंदू सनातन धर्म के लोग और आम जन नित्य प्रतिदिन जन सहयोग से आयुर्वेदिक लड्डू बना रहे हैं और गायों को खिला रहे हैं जिसके कारण से जो बीमार गाय हैं लंपी प्रभावित गाय हैं उनमें काफी असर पड़ा है वहां के जो पशु चिकित्सक डॉक्टर विमल जी है और उनकी टीम जिसमें कुछ समाजसेवी कार्यकर्ता जिनमें मुख्य रूप से जसवंत जी विष्णु स्वामी जी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में सेवा दे रहे हैं बहुत अच्छा काम कर रहे है लेकिन राज्य सरकार और प्रशासन के द्वारा जो गायों को रखने की रहने की व्यवस्था है जो कीचड़ है, मलबा है उसको खत्म करने का सुधारने की कोई व्यवस्था नहीं है और गाय जो है वह कीचड़ में बैठी हुई है, पड़ी हुई है, और बीमार पड़ रही है। निरीक्षण के उपरांत बृज भूमि कल्याण परिषद की मीटिंग आयोजित की गई जिसमें कांजी हाउस गोशाला की अव्यवस्था के बारे में सरकार और प्रशासन को चेताने के लिए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन तैयार कर आगामी सोमवार को जिला कलेक्टर को देने

देने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर अश्वनी जावली, कैप्ट उमराव लाल सैनी, प्रेम प्रकाश शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, यशवंत कुमार गुप्ता, हरिराम शर्मा, संतराम अरोड़ा, यशोधन पाराशर, ललित शर्मा, आकाश मिश्रा, पंडित दीपक अवस्थी, पंडित राजेंद्र आचार्य, शिवचरण शर्मा, डॉक्टर गोपाल शास्त्री आदि उपस्थित थे। डॉ पंकज गुप्ता ने बताया कि अगर नगर परिषद और राज्य सरकार ने तुरंत प्रभाव से कदम नहीं उठाया तो ब्रिज भूमि कल्याण परिषद के द्वारा बड़ा आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

आज राजस्थान ब्राह्मण महासभा युवा प्रकोष्ठ के द्वारा गो माता की सुख शांति के लिए और लंपि बीमारी को भगाने के लिए हवन पूजन और आयुर्वेदिक लड्डू बनाने का और वितरण का सेवा कार्य किया गया जिसमें भी बृज भूमि कल्याण परिषद के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## ग्राम भगवाडीकला में सीआरपीएफ के जवान शहीद बाबूलाल की अंत्येष्टि में किसान नेता बस्तीराम यादव एडवोकेट सदस्य राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा



शहीद स्वर्गीय बाबूलाल की अंत्येष्टि कार्यक्रम में शहीद स्वर्गीय श्री बाबूलाल जी के सुपुत्र श्री पवन कुमार बीएसएफ के जवान को ढाढस बढाकर सांत्वना दी ।

इस अवसर पर कांग्रेस नेता माननीय श्री डॉ आर सी यादव सरपंच जगदीश चंद्र सरपंच कपिल यादव पंचायत समिति सदस्य सुनील यादव तथा सरपंच सौताज सिंह सरपंच मुकेश यादव भामाशाह हितेंद्र यादव कृष्ण यादव डॉक्टर जयपाल सिंह श्री जगदीश पंच विक्रम यादव मनोज यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे ।

## अलवर पेडल्स साइक्लिंग टीम ने Team wild life research रेस्क्यू टीम के सहयोग स्द्ध्रश्द्ध रोग से ग्रसित गौवांशो को आयुर्वेदिक औषधि दी गई

मरुधर विशेष रुपेश शर्मा



आज दिनांक 25 सितंबर रविवार को टीम अलवर पेडल्स ने Lampi रोग के जानकारी अलवर ग्रामीण इलाकों से जुड़े लोगों को जानकारी देने के लिए एक रैली निकाली , रैली का मार्ग अलवर , मालाखेड़ा , नटनी का बारा , कुशलगढ़ से वापसी अलवर , टीम के सहसंयोजक पंकज पाल ने बताया आज कुल 75 किलोमीटर की यात्रा रही जिसका नेतृत्व अभिषेक शर्मा ने किया यात्रा के अरविंद जादौन , आशीष , अनूप बिष्ट , दृगपाल , तरुण राठी , शुभम गुप्ता , जयपाल , अक्षय कुल 14 साइक्लिस्ट साथी रहे , यात्रा के दौरान परसा का बास और बिजवाड़ नरूका में ग्रामीणों को टीम वाइल्ड लाइफ रेस्क्यू सेंटर की और से उपलब्ध करवाई गई आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण भी किया गया

## विश्व हिंदू परिषद के जिला गोरक्षा प्रमुख राम दयाल सिंह के नेतृत्व में लम्पी वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए आयुर्वेदिक दवा और औषधीय लड्डू तैयार कर वितरित किए गए

**मरुधर विशेष युवराज शर्मा।** गोरक्षा जिला प्रमुख राम दयाल सिंह ने बताया कि लंबी वायरस के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए यह पहल की गई है जिसमें होम्योपैथिक और आयुर्वेद का मिश्रण कर दवाएं तैयार की जा रही है वही देसी दवा के तरह लड्डू भी तैयार किए गए हैं जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए गोवंश को के लिए उपयोगी साबित हो रही है ऐसे में सभी विश्व हिंदू परिषद के चारों खंडों की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है विश्व हिंदू



परिषद गौ रक्षा प्रमुख राम सिंह जी के नेतृत्व में लंबी बीमारी के लिए लड्डू माननीय राम सिंह जी जिला

सह प्रमुख नितिन बजरंगी नगर प्रमुख अनिल यादव जी नगर प्रमुख नगर से गोरखपुर गुड्डू जी एवं माधव प्रखंड मोनू सेन जी शिवाजी प्रखंड गौरव जांगिड़ महाराणा प्रताप त्रिलोक जी एवं प्रदीप मारवाड़ जी गौ रक्षक टीम मोनू जी सोनू जी नीरज जी मंगल जी नत्थू जी विश्वेंद्र जी जितेंद्र जी हेमंत जी आकाश जी लकी जी गौरव जाटव जी और सचिन जाटव जी एवं गप्पू जाटव जी सबका सब मिलकर लड्डू बनाकर वितरण किए

# चिरुनी गौशाला मैं भामाशाह ने खुलकर किया दान

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** समीपवर्ती चिरुनी बाबा मनीराम गोशाला में रविवार को टीम लोकेश शर्मा ओएसडी मुख्यमंत्री राजस्थान के जन्म पखवाड़ा के अन्तर्गत गांधी नगर मुन्डावर से तपन कौशिक, हितेश, नीरज, अनीष, नीरज कुमार आयुर्वेद योगेश ,राजवीर शेखावास की सम्पूर्ण टीम ने गोवंश को देशी लडडू , गुड़ व दलिया को खिलाया। गोंशाला कमेटी ने सभी को साधुवाद दिया । वीरेन्द्र सुमन जीएसएस डायरेक्टर ने कहां कि गौ माता की सेवा से मानव जीवन सफल होता है । आसपास के गांवो से भी गोवंश के लिए चारा , लड्डू , दलिया लेकर ग्रामीण पहुंच रहे हैं । इस मौके पर रत्तीराम,महेन्द्र सिह,सुरेश तिवारी, पंच,लक्ष्मण,सुरजभान ,चेतराम पंच,अशोक पंच,मोहर सिंह उप सरपंच,चन्दगी



राम सरपंच,श्रीराम पंच,समाज सेवी अनिल शर्मा सहित गौ भगत उपस्थित रहे।

## प्रजापति प्रगतिशील विकास समिति ने सम्मान समारोह आयोजित किया

मरुधर हिन्द/रमाकान्त शर्मा

बानसूर के निकटवर्ती नारायणपुर में प्रजापति प्रगतिशील विकास समिति द्वारा द्वितीय प्रतिभावान छात्र- छात्रा और भामाशाह सम्मान समारोह पुरुषोत्तम दास महाराज मंदिर में आयोजित किया गया।प्रतिभावान सम्मान समारोह में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रजापति समाज की ओर से सम्मान समारोह में कक्षा 10



और 12 परीक्षा परिणाम में 70 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल करने वाले छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं स्नातक और स्नातकोत्तर वर्ष की अन्तिम परीक्षा में 65% से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। क्षेत्र में समाज के आईएएस , आईपीएस और नवनियुक्त राज्य और केंद्र कर्मचारियों और अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र व शील्ड देकर सम्मानित किया। वहीं 90% और इससे ज्यादा अंक लाने वाले छात्र- छात्राओं को चांदी का सिक्का देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जय प्रकाश प्रजापति प्रधान पंचायत समिति थानागाजी, सुनीता प्रजापत नगर पालिका चेयरमैन मनोहरपुर, महंत महामंडलेश्वर जनार्दन दास महाराज नारायणपुर, नारायण प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष कुम्हार महासभा नागौर, किशोर दूल्हेपूरा राजस्थान कुमार महासभा प्रदेश अध्यक्ष, सुरेंद्र लांबा एडवोकेट राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर सहित समाज के जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे।

## सोडावास व आस-पास के गांवो में खराब हुई फसल का सर्वे कर मुआवजे की मांग

मरुधर विशेष/ हवासिंह चौधरी

**मुंडावर।** सोडावास व आस-पास के गांवो में चार-पांच दिनों से दिन-रात बरसात से किसानों की खरीब की फसल तैयार थी । किसानों ने बाजरा काटकर खेत में डाल दिया फसलों को बहुत नुकसान होने से किसान चिंतित है । किसानों ने खड़ी तथा पड़ी बाजरे की फसल पानी में दाना और तने का दोनों को भरपूर नुकसान बताया । बारिश ने किसानों के सपनों को धो दिया । किसानों ने बताया कि बाजरे की 50 प्रतिशत नुकसान हो चुका है । बाजरे के सिट्टे व कड़बी काली पड़ गई हैं । बाजरा खेतो में पड़ा है वह पुनः अंकुरित हो गया हैं । किसानों ने कपास, प्याज, गाजर आदि



फसल को भी भारी नुकसान होने की बात कही है । क्षेत्र के किसानों का कहना है कि फसल खराबे का सर्वे करा सरकार को किसानों को मुआवजा देकर बर्बादी से बचाने की मांग की है।

## रक्तदाता समूह संस्थापक जय गुप्ता के जन्मदिन किया रक्तदान




बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** रक्तदान विश्व बंधुत्व को बढ़ाने वाली एक बेहतरीन पहल जिसमें एक दूसरे के सहयोग से निरन्तर मदद की जाती है। ऐसे में देशभर में अपने नेक कार्यो से एक अलग पहचान बना चुके झालावाड़ निवासी रक्तदाता समूह संस्थापक जय गुप्ता के जन्मदिन पर सपना फाउंडेशन परिवार के रक्तवीरो द्वारा रक्तदान का तोहफ़ा दिया गया तथा रक्तवीरो द्वारा बांसवाड़ा सागवाड़ा, एवं उदयपुर में रक्तदान किया गया। रक्तदाता समूह रक्तदान के साथ ही सेवा के हर एक क्षेत्र में है अग्रणी राजस्थान, मध्यप्रदेश समेत पूरे भारत मे सेवाए दे रहे इस समूह की शुरुआत कुछ वर्षो पूर्व हुई थी परन्तु धीरे धीरे आज यह गरीब असहायों की मदद हेतु अग्रणी रहकर कार्य कर रहे है।

### अलग अलग क्षेत्रो से आये रक्तवीरो ने किया रक्तदान

सदैव सेवा को समर्पित जय गुप्ता के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए बाँसवाड़ा जिले से अलग अलग क्षेत्रो से आये रक्तवीरो द्वारा रक्तदान किया गया। इसी कड़ी मे राजस्थान पुलिस से बहन डिंपल राठौड़ द्वारा पहली बार, सपना फाउंडेशन अध्यक्ष मुकेश यादव द्वारा पांचवी बार,योगेश गर्ग आमजा द्वारा पांचवी बार, अनिल यादव पारुण्डी, धवल सोनी, मौलिक कंसारा द्वारा चौथी बार, राहुल यादव लांबापारडा द्वारा तीसरी बार,विजय यादव द्वार दुसरी बार, अजय मेहता, नीलेश भावसार, रवि गुर्जर, राहुल जी व्यास, द्वारा रक्तदान किया गया। उदयपुर गीतांजलि हॉस्पिटल में घाटोल निवासी अंकित जी प्रजापत द्वारा चौथी बार, श्रवण माली पाली, अशोक निनामा बांसवाड़ा, उत्तम चौधरी जालोर द्वारा रक्तदान किया गया। सागवाड़ा हॉस्पिटल में कमलेश पाटीदार, प्रदीप पाटीदार द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर वृक्षम फाउंडेशन के संस्थापक नीरज पाठक, रोटरी क्लब अध्यक्ष राहुल सर्राफ, सपना फाउंडेशन के संस्थापक विश्वंभर मेघवाल सुखवाड़ा, बांसवाड़ा नगर कॉर्डिनेटर रोहित गणावा, राहुल यादव कुपडा, राजस्थान पुलिस से बहन माहेश्वरी, उपस्थित रहे तथा ब्लड बैंक से संकेत भावसार, राजेंद्र सैनी का सहयोग रहा। ये जानकारी विश्वंभर मेघवाल ने दी।

## भारतीय जनता पार्टी मण्ड़ल सज्जनगढ़ ने मनाई पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** भारतीय जनता पार्टी मण्ड़ल सज्जनगढ़ में मण्ड़ल अध्यक्ष हरेन्द्र जी नायक, महामंत्री थानेश्वर जी पटेल, रमणलाल जी गरासिया, जनजाति मोर्चा जिला उपाध्यक्ष लालसिंह जी वडखिया, ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष भरत जी लबाना, मण्ड़ल उपाध्यक्ष हकरचन्द जी भूरिया, चम्पालाल जी पारगी, गलिया भाई पारगी, बूथ अध्यक्ष गजेन्द्र जी डोडियार, जसवंत जी डिंडोर, युवा मोर्चा जिला मीडिया प्रभारी अरविन्द जी कलाल, युवा मोर्चा के महिपाल जी राणावत के सानिध्य में भाजपा के पुरोधा पण्डित दीनदयाल उपाध्याय जी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर जयन्ति मनाई। मण्ड़ल महामंत्री थानेश्वर जी पटेल ने उपाध्यक्ष जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। मण्ड़ल अध्यक्ष हरेन्द्र जी नायक ने उपाध्याय जी के पदचिन्हों पर चलते हुवे पार्टी की विचारधारा और कार्यो को आमजन तक पहुचाने का आह्वान किया। इस मौके पर शक्ति केंद्र प्रभारियों ने बूथ कार्यकारिणी की सूचना जमा करवाई। ये जानकारी महेश सोनी ने दी।

## सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का निर्विरोध हुआ निर्वाचन



मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति मे रविवार को अध्यक्ष उपाध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अलवर जिले में सबसे हॉट मानी जाने वाली कठूमर पंचायत समिति की सौंख ग्राम सेवा सहकारी समिति मे रविवार को पदाधिकारियों का निर्वाचन संपन्न हुआ। जिसमें महेंद्र शर्मा अध्यक्ष व चरन सिंह उपाध्यक्ष पद पर एक, एक मत से विजयी हुए। पहले ज्योति सिनसिनवार को इस समिति के निर्वाचन हेतु निर्वाचन अधिकारी लगाया गया था। लेकिन राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकरण के निर्देश पर इकाई रिटर्निंग अधिकारी एवम उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां अलवर द्वारा 14 सितम्बर को आदेश जारी कर समिति के निर्वाचन हेतु जगदीश गुप्ता राजपत्रित अधिकारी, सहकारी विभाग भरतपुर को निर्वाचन अधिकारी लगाया गया। दिनांक 23 से 25 सितंबर तक चली निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान 15 पुलिसकर्मी तैनात रहे थे। नव निर्वाचित अध्यक्ष महेंद्र शर्मा को पुलिस की मौजूदगी में घर भिजवाया गया।

## लंपी रोग महामारी से लडने् आगे आ रहे भामाशाह



बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ।** बांसवाड़ा जिले के कुशलगढ़ में गौ रक्षा सेवा समिति को सहाय करने भामाशाह व सामाजिक और व्यापारिक संगठन इस महामारी से लडने् के लिए आगे आ रहे हैं। कोरोना संक्रमण की रोकथाम की तर्ज पर दवाओं की कमी से जूझना नही पड़े इस लिए पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक को दवाएं उपलब्ध करवा रहे हैं। नगर में गो सेवा से जुड़ी गौ रक्षा सेवा समिति की ओर से गोवंश के लिए होम्योपैथी की दवा और ओषधि युक्त लड्डू का शहर एव ग्रामीण क्षेत्र में बाटी जा रही है। गो रक्षा सेवा समिति के सदस्यो के अनुसार यह दवा एवम लड्डू लंपी के विरुद्ध वैक्सीनेशन की तरह काम करेगी। मोबाइल एसोसिएशन परिवार कुशलगढ़ की ओर से 31000/ का अंशदान दिया गया।इस अवसर पर मोबाइल एसोसिएशन के अध्यक्ष लव कावड़िया, उपाध्याय योगेश पडियार कोसाध्यक्ष बाबू शाह, टीम मेंबर्स विपुल, बंटी,जयेंद्र पंचाल, हितेन, फखरुद्दीन नीलेश,अमूल शाह देवांग शाह विशाल,यश कलाल अमन, चिराग,भूरजी, चंद्रेश,धर्मेश,बालेश्वर, किशना,सुलेश,और देवेश सहित कई मोबाइल एसोसिएशन के टीम मेंबर उपस्थित थे। ये जानकारी लव कावडिया ने दी।

## भरतपुर सांसद रंजीता कोली के मुख्य आतिथ्य में मनाई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



मरुधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर** विधानसभा क्षेत्र में सभी मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। बूथ न, 26 भवनपुरा, मंडल खोह , बूथ न 38, पटकपुर मंडल खुडियाना , बूथ न 54, साजनपाडा मण्डल भनोकर बूथ न 198 समुची में बूथ अध्यक्षों ने सभी बूथों पर अध्यक्षता की। बैठक में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई और दीनदयाल के जीवनी के बारे में भरतपुर सांसद रजिता कोली ने अवगत कराया उनके साथ पूर्व राज्य मंत्री मंगल राम कोली, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजकुमार पंडा, कठूमर विधानसभा क्षेत्र विस्तारक वीरेंद्र सिंह मंडल अध्यक्ष भनोकर गजेंद्र नरूका मंडल अध्यक्ष खेड़ली शिवचरण अवस्थी, मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र शर्मा, खोह मंडल संयोजक आनंद शेखावत नरसी चौधरी, बबलेश गुर्जर, रवि अग्रवाल,दिनदयाल नरुका रणबीर सिंह चोधरी गोपाल गारु मधु चौहान राजपाल खटीक महेन्द्र दारोदा मनोज अवस्थी समुची लीला राम यादव पवन जैन अशोक प्रजापत गोविंद साहू,मनोहर लाल गुप्ता, अरुण सिह सियाराम शर्मा सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कस्बे के अग्रवाल धर्मशाला में मेहंदी प्रतियोगिता हुई आयोजित,युवा मंडल ने बाइक रैली निकाल समाज में दिया एकता का संदेश



मरुधर विशेष /दिनेश लेखी

**खेड़ली।** कस्बे में कठूमर रोड स्थित अग्रवाल धर्मशाला में रविवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें समाज की बेटियों और महिलाओं ने भाग लिया। अग्रवाल समाज के प्रतियोगिता संयोजक नरेंद्र गुप्ता (तेल वाले) एवं लक्ष्मीकांत मित्तल ने बताया कि सात दिवसीय श्री अग्रसेन जयंती महोत्सव के चलते रविवार को मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमे निर्णायक के तौर पर श्री अग्रसेन महिला महाविद्यालय की शिक्षिकाओं को विशेष तौर पर बुलाया गया। निर्णायक के अनुसार जूनियर व सीनियर वर्ग में तीन - तीन विजेताओं को चुना गया। जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर नेहा गर्ग द्वितीय स्थान पर अंजली सिंघल एवं तृतीय स्थान पर आयुषी गर्ग रही। वही सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर चारुल मंगल द्वितीय स्थान पर अर्चिता अग्रवाल एवं तृतीय स्थान पर शिवानी गोयल विजेता रही। मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को सांत्वना पुरुस्कार समाज के अध्यक्ष गोपाल राम बंसल की मौजूदगी में प्रदान किया गए। इस कार्यक्रम के दौरान समाज के भामाशाहों द्वारा समाज को कुर्सियां भेंट की गई। वहीं शाम पांच बजे नवयुवक मंडल कार्यकारिणी द्वारा पूरे कस्बे में समाज में एकजुटता का संदेश देते हुए शांति पूर्ण तरीके से बाइक रैली निकाली गई जिसकी सर्व समाज ने सराहना की। इस दौरान जगदीश गर्ग, विष्णु कंसल, कालीचरण बंसल, महेश बजरंगी, गोपेश गोयल, राजेंद्र प्रसाद मित्तल, देवांशु गर्ग, नवीन मित्तल, अंकित सिंघल, राकेश अग्रवाल, रामावतार मंगल, नरेश गुप्ता, मुरारीलाल मित्तल, अनुज सिंघल, अजय गोयल, संतोष गोयल, सुशील गोयल, गुड्डू भैया, पियूष अग्रवाल, अंकित गुप्ता, हितेश गोयल, बॉबी अग्रवाल, विवेक सिंघल, रोहित सिंघल, पियूष, गोपेश गर्ग सहित समाज के अनेक लोग मौजूद रहे।

# अलवर के सरकारी कॉलेज की प्रोफेसर प्राचार्य को मिला राष्ट्रपति से सम्मानित, पहली बार मिला एनएसएस पुरस्कार

मरुधर विशेष युवराज शर्मा

**अलवर।** नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में शनिवार को सम्मान समारोह हुआ। इसमें अलवर के बीएसआर कॉलेज की डॉ सरोज मीणा व कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर लवलीना व्यास को राष्ट्रपति से सम्मान मिला है। पहली बार महिला अधिकारी को एनएसएस का यह सम्मान मिला है। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाइयों को राष्ट्रीय एनएसएस अवॉर्ड प्रतिवर्ष दिया जाता है। यह अवार्ड राष्ट्रपति के की तरफ से 24 सितंबर को नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में दिया गया। प्रत्येक वर्ष देशभर से राष्ट्रीय सेवा योजना के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 10 कार्यक्रम अधिकारियों को यह सम्मान प्रदान किया जाता है। इस वर्ष का राष्ट्रीय सेवा योजना का पुरस्कार राजस्थान से राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम प्रभारी डॉ सरोज मीना व बीएसआर राजकीय कला महाविद्यालय अलवर को दिया। डॉ सरोज मीना अकेली महिला राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी हैं।यह पुरुस्कार इनके राष्ट्रीय सेवा



योजना के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए दिया गया

है। सरोज मीणा के पति महेंद्र मीणा भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में डिप्टी एसपी के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि सरोज मीना को वर्ष 2018-2019 में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राज्य स्तरीय स्टेट अवार्ड से भी राज्य सरकार द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने विशेष जागरूकता अभियान चलाने के साथ लोगों को मास्क बनाकर वितरित किए। इसके अलावा कच्ची बस्तियों में सेनेटरी नैपकिन के वितरण के साथ-साथ वहां रहने वाली महिलाओं को घरेलू हिंसा से निपटने के लिए विशेष जागरूक अभियान चलाया गया। जल एवं पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। रक्तदान जागरूकता रैली एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसके अलावा भी विभिन्न क्षेत्र में कई कार्यक्रम किए गए।

# दरोगा के अनिर्णायक शक्ल के पीछे है कई और भी रूपांतरित कहानियां

**सवाल यह है कि संगीन धाराओं को रूपांतर कर मुकदमे में करते है पेश कैसे**

**गोरखपुर मंडल के विभिन्न कोर्ट में पदवी बनाकर हाजिर हो रहे हैं अकृत्यकारी**

**जो असल में हैं मानव जीवन के साथ खिलवाड़ करने वाले मौत के असरदार सौदागर!!**

**संजय कुमार विश्वकर्मा /ब्यूरो चीफ गोरखपुर मंडल।** शराब माफिया भू माफिया, अचानक हुए नव धनाढ्य, वन माफिया, खनन माफिया पशु माफिया, शिक्षा माफिया,अनमोल जीव जंतु एवं उनके दांत और खाल के तस्कर माफिया, एनडीपीएस माफिया एवं माफियाओं के आका या किसी भी पेशेवर अपराधी के प्रति रियायत न बरती जाएः मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के फरमान के बावजूद भी गोरखपुर मंडल के दिमाग का रायता बनाने वाले इच्छाधारी दरोगा अपनी इच्छा पूर्ति के लिए एक ही झटके में गोल्ड स्मगलर पुराने,धातुओं के स्मगलर नशा माफिया,सट्टा- शराब के तस्कर के आकाओं द्वारा माफियाओं के सौदागर पैदा करने वाले, सत्ता के कुछ जनप्रतिनिधियों के संरक्षण में इच्छाधारी दरोगा अपने जादुई कलम से कानून के कागज पर ऐसा मजलूम लिखते हैं जिसका कोई इलाज नहीं। गोरखपुर मंडल की कहानी है कि जिन माफियाओं के गृह जनपद में समाज और संविधान विरुद्ध जो माफिया लिप्त हैं। जिन जबकि आरोपियों को ढोल नगाड़े के साथ कुछ कर्तव्यनिष्ठ पुलिस माफिया बता रही है। जबकि उन मे से कुछ माफियो को कोर्ट में अभियुक्त के रूप में पेश भी किया जा रहा है। देवरिया का शराब माफिया लखनऊ में गोलीकांड करता है और देवरिया में भी गैंगवार करता है। इसी तरह से अन्य गैंग की तरफ से भी गोलीबारी होती रहती है। परंतु सुरक्षित गलियारा पाने की वजह से सत्ता के संरक्षण में विवेचना गैर जनपद से होता है, जिसकी वजह से वे अपने आशय जनपद देवरिया में समाजसेवी भी बन जाते है। ऐसे तमाम माफिया हैं जो कानून के द्वारा कानून को ही धूमित कर रहे हैं।

जनपद देवरिया में जो सत्ता के संरक्षण में समाजसेवी बन घूम रहे हैं और जिनके ऊपर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज हैं वो किसी न किसी विधायक सांसद का रिश्तेदार या पार्टी समूह से व्यक्तिगत है जो अकृत्यकारी होते हुए भी खुलेआम घूम रहे हैं बिना किसी कानूनी भय के। गोरखपुर जनपद में बड़े-बड़े माफिया जो गैंगस्टर में वांटेड है सपा का नेता कुख्यात गैंगस्टर चंदन विश्वकर्मा सौरभ विश्वकर्मा पुत्र राजू विश्वकर्मा निवासी थाना राजघाट सहित विभिन्न थानों में अपराध करके शहर में घूम रहे हैं गोरखपुर शहर में कांड करके अपने फार्म हाउस सिद्धार्थनगर में जाकर छुप जाते है और सिर्फ इतना ही नहीं एक साल पहले कुर्क की लगभग 14 एकड़ कृषि भूमि नाम सरकार का नहीं चढ़ा था स्थानीय शासन प्रशासन को प्रभाव भी लेकर खेत की बुवाई और कटाई भी करते है। गोरखपुर शहर की जनता उसके आतंक से भयभीत है। गरीब भोले भाले लोगों को गुमराह कर उनके जमीन बिकवा देता है या खुद ही कब्जा कर लेता है।

गोरखपुर मंडल के विभिन्न थानों में नशे का बड़ा कारोबार है अवैध प्लाटिंग का बड़ा कारोबार,अवैध हथियारों का बड़ा कारोबार और अवैध सोना तस्करी का बड़ा कारोबार है। गोरखपुर मंडल के बड़े माफिया जो गोरखपुर मंडल के विभिन्न जिलों में नेपाल की दोहरी नागरिकता लेकर आसानी से हर गैर कानूनी कार्य करते हुए आ रहे हैं और चले जाते हैं। जिनमे से कुछ जनपद देवरिया के बरहज तहसील, रुद्रपुर तहसील, रामपुर तहसील, में आबकारी एक्ट से लेकर एनडीपीएस सहित आर्म्स एक्ट व सट्टा, हत्या वह अन्य संगीन धाराओं के मुकदमो में शामिल हैं।

ये शासन प्रशासन द्वारा चिन्हित माफिया सत्ता के संरक्षण में चाहे उत्तर प्रदेश में किसी की सरकार से हो सुरक्षित गलियारा प्राप्त ही कर लेते हैं। यही वजह है कि माफिया और माफियाओं के आकाओं जो माफिया पैदा करते हैं उन्हें आसानी से जमानत मिल ही जाती हैं। माफिया को दबोचने, उनके खिलाफ मामूली धाराओं में जमानत कराने तक से मौज इच्छाधारी दरोगा की है, पर्दे के पीछे चल रहे दरोगा के खेल को यदि करीब से समझा और ध्यान से देखा जाए तो चिन्हित माफियाओं के मुकदमे और तहरीर एक जैसे मिलेंगे। यह सिर्फ गोरखपुर मंडल तक सीमित नहीं है अपितु पूरे उत्तर प्रदेश में है।

हर जिले मंडल के नेपथ्य की यही कहानी है। इसमें तनिक भी दोष नहीं है कि गोरखपुर मंडल में पुलिस द्वारा माफियाओं और नशे के सौदागरों को लगातार कसी जा रही नकेल आखिरकार कारगार क्यों नहीं साबित हो रही है..? वह कौन सा कारण है कि चंद दिनों में ही जेल से छूटने के बाद माफिया तस्कर पुराने अंदाज से बढ़कर रूद्र रूप में लौट आते हैं। और कानून के साथ कानून को भी गुमराह करने लगते हैंज्?

# निशुल्क दवाई वितरण समारोह में पहुंचे ग्रामीण पत्रकार संघ के प्रदेश महामंत्री ललित गोलेछा

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**कुशलगढ़ ।** लंपी वायरस संक्रमण से मुक्ति पाने के के लिए विप्र फाउंडेशन द्वारा निशुल्क दवाई वितरण समारोह में ग्रामीण पत्रकार संघ के प्रदेश महामंत्री ललित गोलेछा ने कहा कि लंपी वायरस संक्रमित पशुओं के उपचार मैं विप्र फाउंडेशन राजस्थान युवा प्रकोष्ठ के महामंत्री हेमेंद्र पंड्या की टीम विगत 25 दिन से पशुओं के उपचार के लिए विप्रो फाउंडेशन सूरत द्वारा बनाई गई होम्योपैथिक दवाई वाह फोड़े पर लगाने का महलब निशुल्क वितरण कर पशुपालकों को राहत पहुंचाने के साथ पशुओं की बीमारी में काफी लाभ हुआ है लगातार 25 दिनों से लगातार से चल रहे इस परोपकारी कार्य में पंड्या ने बताया कि 9700 पशुओं को दवाई निशुल्क वितरण की गई जहां पशुओं मैं गाय बैल मैं संक्रमण वायरस फैल चुका था। सैकड़ों पशुओं इस संक्रमण से ग्रसित हो गए थे होम्योपैथिक दवाई से पशुओं को राहत मिली है जहां पशु पालकों का कहना है कि हमने पशुओं ,को दवाई गायों बेल को पिलाई इससे हमारे पशुओं को काफी राहत मिली है कई पशुपालक ने



तो यहां तक कहा कि हमारे पशुओं में संक्रमण से पशुओं के पैर व गले में काफी परेशानी हो गई थी उक्त दवाई से काफी राहत मिली है पशु स्वस्थ हो रहे हैं दिन पशुओं पर संक्रमण से शरीर पर फोड़े पर मवाद निकल रहा था उस पर फाउंडेशन ने मल्लम दिया है उसे लगाने से भी काफी रात मिली है।हेमेंद्र पंड्या ने बताया कि होम्योपैथिक दवाई उक्त विप्र फाउंडेशन सूरत से निशुल्क दी जा रही है और यहां पशुपालकों की प्रातः परशुराम कुटिया पर सैकड़ों की तादाद में पशुपालक दवाई लेने के लिए पहुंच रहे हैं दवाई का काफी असर हुआ जिससे इस संक्रमण से पशुओं को स्वस्थ होने में काफी लाभ हुआ है जहां पशुपालक परेशान और चिंतित थे इस संक्रमण से से पशु प्रवाहित हो रहे थे किंतु जब विप्रो फाउंडेशन सुरत द्वारा निशुल्क दवाइयां यहां वितरण की गई तो इसका परिणाम काफी अच्छा रहा है पशुपालक जो चिंतित है परेशान थे उन्हें काफी राहत मिली है

## दीनदयाल उपाध्याय जन्म जंयति के अवसर बुथ कमलोत्सव मनाया गया




बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** बीजेपी महिला मोर्चा जिला अध्यक्षः दीनदयाल उपाध्याय जन्म जंयति के अवसर बुथ कमलोत्सव मनाया गया इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नर्मदा मईडा ने बुथ संख्या 124 पर कमलोत्सव मनाई युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारायण लाल निनामा ने पौधारोपण किया प्रदेश महामंत्री सुनील कटारा राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हकरू भाई मईडा जिलाध्यक्ष शीतल भंडारी जिलाध्यक्ष गोविन्द सिंह राव प्रधान निर्मला मकवाना जिला परिषद सदस्य पिंटू चरपोटा अनिता पारगी रावजी भाई मईडा पूर्व सरपंच बापूलाल मंडल अध्यक्ष मनोहर व्यास आदि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बुथ की प्रबुद्ध महिला निशा जी मोहकम सरोज चौधरी अनिता आडवाणी सुनिता सैनि पार्षद संतोष दर्जी दीपिका भावसार बीना गुप्ता मोनिका शाह मोनिका भोई भारती शर्मा शारदा पंचाल राखी कंसारा आदि उपस्थित रहे

## विप्र फाउंडेशन ने किया सामूहिक तर्पण व श्राद्ध

बांसवाड़ा ब्यूरो चीफ अरुण जोशी की रिपोर्ट

**बांसवाड़ा।** पितृभ्य नमः, त्रम्बकम यजामहे उक्त मंत्रों से मंदारेश्वर मंदिर परिसर सामूहिक तर्पण और श्राद्ध के साथ अभिषेक और शिव पूजा में गुंजायमान हुआ। जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने बताया की ब्रह्मर्षि आचार्य हर्षवर्धन व्यास के आचार्यत्व और पंडित प्रदीप भट्ट और पंडित राकेश जोशी के उपाचार्यत्व में सामूहिक तर्पण



कार्यक्रम का संकल्प किया गया । तर्पण और श्राद्ध के साथ शिव अभिषेक और पूजन कर्म भी किया गया । जिलाध्यक्ष योगेश जोशी , संरक्षक मंडल अध्यक्ष जयप्रकाश पंड्या , सचिव ललित जोशी, नगर अध्यक्ष ईश्वरदास वैष्णव के सानिध्य में उक्त कार्यक्रम संपादित हुआ । तर्पण में भाग लेने वाले परिजनों ने वेदोक्त विधि विधान से श्राद्ध कर्म का निर्वहन किया । सुबह से ही आचार्य के साथ प्रबुद्ध 25 विद्वान पंडितो द्वारा समवेत स्वर में कर्म को सफल बनाया । इस अवसर पर जिला महामंत्री जनक भट्ट, बांसवाड़ा तहसील अध्यक्ष सुभाष पंड्या , नगर उपाध्यक्ष जुगलकिशोर जोशी , सेवानिवृत शिक्षाविद् राजेंद्र द्विवेदी, नगर महामंत्री प्रदीप शर्मा , नगर महामंत्री अशोक पुरोहित , नगर मंत्री लोकेश आचार्य , कैलाश जोशी , ललित जोशी रातितलाई सहित अनेक पदाधिकारी सहयोग हेतु तत्पर थे ।कार्यक्रम का समापन ब्रह्मभोज के साथ हुआ ।उक्त जानकारी जिला प्रवक्ता अमित शुक्ला ने दी ।

## भाजपा मंडल पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को कमल उत्सव के रूप मनाया




मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** भाजपा मंडल कठूमर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पखवाड़े के तहत पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को कमल उत्सव के रूप में विवेकानंद महाविद्यालय में मनाया गया। मंडल अध्यक्ष सुनील बजाज ने बताया कि इस कार्यक्रम को मेरा बूथ सबसे मजबूत मेरा बूथ बीजेपी का बूथ मेरा बूथमोदी का बूथ की तर्ज पर कमल उत्सव कार्यक्रम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती के अवसर पर मनाया गया इस कार्यक्रम में जिले से मुख्य वक्ता के रूप में लगाए गए प्रभारी पूर्व विधायक रमेश खींची। कार्यक्रम की अध्यक्षता आदर्श बूथ के बूथ अध्यक्ष बंटी योगी रहे। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का भाजपा का दुपट्टा और शॉल ओढ़ाकर सम्मान किया गया सम्मान पाने वाले कार्यकर्ता वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता चुन्नीलाल शर्मा, रतनी पाराशर ,लाल सिंह चौहान, पूर्व सरपंच रघुवर सैनी, भगवान सिंह चौधरी, दौलत शर्मा मसारी , महेंद्र चौधरी मसारी सहित अन्य कार्यकर्ताओं का स्वागत शोल और भाजपा का दुपट्टा उड़ा कर किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा के अध्यक्ष सुनील बजाज ,पूर्व चेयरमैन सतीश चौधरी, कठूमर सरपंच शेर सिंह मीणा ,विजयपाल चौधरी, राजेश जाटव ,बंटू सिंह , दिगंबर सिंह, एसटी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय मीणा, एससी मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुगन जाटव,बृजेश चौधरी, विजेंद्र चौधरी, दीपा चौधरी ,उदय सिंह सीडीपीओ, रामजीलाल चौधरी, सौंख मंडल अध्यक्ष भीम सिंह गुर्जर, सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे मंच संचालन अनिल कौशिक ने किया किसान मोर्चा के जिला मंत्री सतीश पाराशर भोला नेता नेतराम गुर्जर अशोक बंसल विकास भारद्वाज सुमित सोनी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## कठूमर क्षेत्र में किसानों की खरीफ फसल खराब होने पर की मुआवजे की मांग

मरूधर विशेष / दिनेश लेखी

**कठूमर।** कठूमर क्षेत्र में लगातार चार दिन से हो रही रूक रूक कर झमाझम बरसात से खरीफ की सौ प्रतिशत फसल खराब होने पर किसानो ने मुआवजे की मांग की है। रेटी गांव निवासी शिवप्रताप सिंह ने बताया लगातार हुई बारिश से पूरे कठूमर तहसील क्षेत्र में खरीफ की ज्वार बाजरे की फसल पूरी तरह नष्ट हो गई। वही खेतो में बारिश का पानी भर जाने से कडबी गल कर कंद गई और बाजारे की बाल अंकुरित होने से काली पड़ गई। जिससे बाजारे का दाना निकला असंभव है। वही क्षेत्र के किसानो ने प्रशासन से गिरदावरी कराने और बीमा कंपनियो से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## सामाजिक सौहार्द को बढ़ाने के लिए कबीर यात्रा 3 अक्टूबर को कोटड़ा आएगी



मरुधर विशेष उदयपुर

कोटड़ा राजस्थान पुलिस व लोकायन संस्था बीकानेर द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी कबीर यात्रा का आयोजन होने जा रहा है। समस्त उदयपुर वासियों के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि इस बार की कबीर यात्रा उदयपुर जिले मे 2 अक्टूबर से शुरू होने जा रही है 3 अक्टूबर को यात्रा कोटडा पहुंचेगी । इस विषय को लेकर आज कोटडा में यात्रा के सफल आयोजन हेतु बैठक रखी गई। बैठक में यात्रा के लिए गांधी मैदान का चयन किया गया, जहां 3 अक्टूबर को विराट भजन संध्या होगी। जिला कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, बीडीओ व कोटडा थाना अधिकारी झाड़ोल विधायक, कोटडा प्रधान समेत अनेक जनप्रतिनिधियो ने अपने विचार रखे । यात्रा से जुड़े गोपाल व्यास ने बताया कि यात्रा का मुख्य उद्देश्य क्षत्रिय कलाकारों को मंच देना तथा यात्रा में देश-विदेश से लगभग 400 से ज्यादा संख्या में आए लोगों को स्थानीय लोक संस्कृति के बारे मे अवगत करवाना, समाज में सद्भावना, एकता स्थापना करना क्षेत्रीय कलाकारों को बढ़ावा देनातथा समाज मे आपसी सहयोग स्थापित करना है।

यात्रा के दौरान संत कबीर बुल्ले शाह मीराबाई तथा अनेक संतो की वानीया देश विदेश से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। अधिक से अधिक जन सहभागिता कैसे बढ़े व आम आदमी यात्रा तक कैसे पहुंच सके इसके लिए योजना बनाई गई । इस दौरान कमेटी के दर्शन, रोहित व स्थानीय लोगों मे धर्मचंद, बाबूलाल, सरफराज, अभिषेक, उपस्थित रहे।

## जिला कलक्टर ने आदि महोत्सव की व्यवस्थाओं का जायजा लिया

मरुधर विशेष उदयपुर

कोटड़ा जिला कलक्टर ताराचंद मीणा ने रविवार को कोटड़ा पहुंच कर आदिवासी महोत्सव के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया द्व पंचायत समिति सभागार में स्थानीय जन समस्याओं को लेकर लोगों से चर्चा की द्व बैठक की अध्यक्षता विधायक बाबू लाल खराड़ी ने की द्व बैठक में प्रधान सुगना देवी, पुलिस अधीक्षक, उप अधीक्षक कुशलाराम चोरडिया, उपखंड अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़, विकास अधिकारी धनपत सिंह राव उपस्थित थे द्व बैठक में चर्चा के दौरान जिला कलक्टर ने बताया कि आदिवासी महोत्सव का व्यापक प्रचार प्रसार हो ताकि स्थानीय लोग ज्यादा से ज्यादा कार्यक्रम से जुड़ पाएं द्व कोटड़ा को देश विदेश से काफी तादाद में लोग देखने आ रहे हैं द्व इससे कोटड़ा में पर्यटन बढ़ेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे द्व विधायक बाबू लाल खराड़ी ने कोटड़ा की स्थानीय आदिवासी सँस्कृति को देश विदेश में कार्यक्रम के माध्यम से फैलाने पर जोर दिया द्व युवाओं की भूमिका इस कार्यक्रम में प्रमुख हो सकती है द्व
कोटड़ा की जन समस्याओं के बारे में अवगत कराते हुए धरमचंद खैर ने बताया कि बांध का मुद्दा वर्तमान में प्रमुख रूप से हैं द्व बांध बनने से प्रभावित इलाका , विस्थापन होने वाले लोग, स्थानीय डिएलसी रेट, पुनर्वास का सही समाधान आदि मुद्दों पर संघर्ष कर रहे स्थानीय लोगों से संवाद कायम होना चाहिए द्व